नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 240 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 9 जुलाई 2022



निर्माण कार्यों में कोताही स्वीकार्य नहीं पेज -3 पर



इनरव्हील क्लब ऑफ रायगढ़ सेंट्रल ने मनाया डॉक्टर्स डे पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### साइबर क्राइम

### केवायसी अपडेट करने का झांसा देकर महिला से 2.95 लाख ठगे



**रायपुर.** बैंक में केवायसी अपडेट करने का झांसा देकर महिला से 2.95 लाख की ठगी कर ली। अविनाश प्राइड कबीरनगर में रहने वाली उमा मित्रा गृहिणी हैं। उन्हें 4 जुलाई को मोबाइल नंबर 87570-87202 से फोन आया। फोन करने वाले ने उनसे कहा कि आपके फोन-पे की केवायसी अपडेट नहीं है। इसलिए आपके खाते से 2200 रुपए कट जाएंगे। इस रकम को बचाना है तो ऑनलाइन निर्देशों के अनुसार केवायसी अपडेट कर लें। खाते से रकम कटने के डर से महिला ने उसे हां किया तो उसने कहा कि वह अपने सीनियर के कॉल से कनेक्ट कर रहा है। इसके बाद दूसरे मोबाइल नंबर 9060185892 से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि प्रोसेस किया गया है क्या वेरीफाई वाला एसएमएस आया। महिला के इंकार करने पर उसने एटीएम कार्ड को फोन-पे स्कैनर से स्कैन करने के लिए कहा। कार्ड स्कैन करते ही उनके खाते से रकम कटने लगी। पैसे कटने का एसएमएस आने पर उन्होंने फोन करने वाले से शिकायत की तो तकनीकी खराबी बताकर पैसा वापस आ जाने का भरोसा दिला दिया। खाते में पैसे वापस लाने के लिए उसने महिला के मोबाइल पर एनीडेस्क एप डाउनलोड करवा दिया।

# मौसम विभाग का अलर्ट,अगले दो दिनों में बिजली गिरने के भी आसार

**रायपुर।** मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रदेश में अगले दो दिनों में कई जिलों में बारिश होगी। कुछ जगहों पर इस बीच बिजली भी गिर सकती है। कवर्धा, जशपुर, और सरगुजा के पहाड़ी इलाकों में आम तौर पर इस तरह की घटनाएं अधिक होती हैं। इसलिए विभाग ने लोगों से सतर्क रहने को कहा है। 9 जुलाई को प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बारिश के हालात बन रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक हल्की से मध्यम वर्षा होने, गरज चमक

### बस्तर संभाग के जिलों में हो सकती है तेज बारिश

के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। आगामी दो दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ यानी की प्रदेश के बस्तर संभाग के जिलों में मैदानी



इलाकों के मुकाबले बारिश के आसार अधिक हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, जबलपुर, पेंड्रा रोड, कलिंग पटनम, उत्तर पश्चिम और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से होते हुए पूर्व की ओर होते हुए पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक फैल रही है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश से लगे प्रदेश के जिलों में इसका असर होगा। इस वजह से बारिश के आसार हैं।

### शुक्रवार को ऐसा रहा मौसम

प्रदेश की राजधानी रायपुर समेत आस-पास के जिलों में हल्की बारिश हुई। कुरूद में सबसे अधिक 34.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। बीजापुर में 17, गंगालुर में 13, मुंगेली में 7, लाभांडी, दंतेवाड़ा में 6, धरमजयगढ़ में 5, पाटन, पखांजूर गीदम, भोपालपटनम में 4, घरघोड़ा , उसूल, छिंदगढ़, बस्तर में 3, कुरूद अंतागढ़, कसडोल, पंडरिया, सुकमा, करताला, महासमुंद में 2, पिथौरा, खैरागढ़ रायपुर, मगरलोड, पथरिया, बसना, पेंड्रा रोड, राजिम, आरंग, बागबाहरा और कोंडागांव में 1 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### चेतावनी

*मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी में कहा गया है कि एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा और ज्यादातर हिस्सों में हल्की बारिश होगी। चेतावनी के तौर पर मौसम विभाग ने कहा है कि एक दो जगह पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।*

# छत्तीसगढ़ में दोगुनी हुई कोरोना की रफ्तार, दो संक्रमितों की मौत

## राजधानी रायपुर और दुर्ग में मिल रहे अधिक मरीज

रायपुर । छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रफ्तार दोगुनी हो गई है. जुलाई की शुरुआत में हर दिन 100 से अधिक मरीज मिल रहे थे. अब पिछले दो दिनों से 200-200 से अधिक मरीज मिले रहे हैं. इसके अलावा कोरोना पिछले दो दिनों में 2 लोगों की मौत हो चुकी है.

वहीं पिछले 24 घंटे में 251 नए कोरोना पॉजिटीव मरीज मिले हैं और एक संक्रमित मरीज की रायपुर में मौत भी हो गई है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार गुरुवार को 10 हजार 813 सैंपल की जांच में 251 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं. इसके बाद प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर बढ़कर 2.32 प्रतिशत हो गई है और अब राज्य के 24 जिलों में कोरोना संक्रमण फैल गया है. इसमें सर्वाधिक नए मरीज राजधानी रायपुर में 61 मिले हैं. इसके साथ ही रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या 247 हो गए हैं. हालांकि, राहत की बात ये है कि गुरुवार को 171 मरीज इलाज के बाद ठीक हो गए हैं। सरगुजा से गुरुवार को 13 मामले, बिलासपुर से 15, बेमेतरा से 17, राजनांदगांव से 24, दुर्ग से 45, रायपुर से 61 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं. दूसरे जिलों की बात करें तो कोंडागांव, बस्तर, कांकेर और रायगढ़ से 01-01, गरियाबंद, दंतेवाड़ा और धमतरी से 02-02, जशपुर और बलरामपुर से 03-03, महासमुंद, मुंगेली और कोरबा से 04-04, बालोद और कोरिया से 06-06, कबीरधाम से 07, जांजगीर-चांपा से 09, सूरजपुर और बलौदाबाजार से 10-10 नए मरीज मिले हैं. इसके बाद राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 1203 हो गया हैं। इससे पहले बुधवार को राज्य में 220 नए मरीज मिले थे. वहीं रायगढ़ जिले में एक कोरोना संक्रमित मरीज की इलाज के दौरान मौत हुई थी. पिछले 24 घंटे की बात करें तो रायपुर में 1 मरीज की मौत हुई है.

### दुर्ग में फिर बढ़ रहा संक्रमण

*दुर्ग जिले में कोरोना तेजी से फैल रहा है। पिछले 24 घंटे की बात की जाए तो यहां मात्र 735 सैंपल में 45 सं मित मरीज मिले हैं। पॉजिटिव पाए गए मरीजों में सबसे अधिक भिलाई के हैं। वहीं रिकवरी की बात की जाए तो 33 मरीज ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। इतनी तेजी से फैल रहे सं मण के बाद भी लोग कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 7 जुलाई को कुल 735 लोगों के टेस्ट लिए गए थे। इसमें 45 सैंपल पॉजिटिव पाए गए हैं। पॉजिटिव मरीजों में सबसे अधिक भिलाई शहर के पाए गए हैं। इनकी संख्या 23 बताई जा रही है।*





# चंदखुरी में 8.20 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थेनगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत चंदखुरी में सात करोड़ 50 लाख 12 हजार रूपए के करीब 40 कार्यों का भूमिपूजन किया। डॉ. डहरिया ने 69 लाख 37 हजार रूपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों में सड़क, नाली, बोर खनन, चौक, रंगमंच, उद्यान, सामुदायिक भवन, फुटपाथ, शेड, कर्मचारी आवास, प्रतिक्षालय निर्माण एवं चौक-चौराहों में लाईट व्यवस्था सहित कुल 40 कार्यों का भूमिपूजन एवं पौनी-पसारी, स्वच्छता, शेड एवं प्रकाश व्यवस्था सहित कुल 6 कार्यों का लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।





### बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की पहल

# छत्तीसगढ़ में शिक्षा का बना बेहतर वातावरण : मुख्यमंत्री बघेल

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आईबीसी-24 द्वारा राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप 2022 वितरण कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किए। स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के तहत राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान प्रदेश के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने आईबीसी-24 संस्थान द्वारा की जा रही पहल की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री



**12वीं बोर्ड में प्रदेश के टॉपर रायगढ़ की छात्रा कु.कुन्ती साव और आदर्श ग्राम्य भारती स्कूल पुसौर को एक-एक लाख रूपए की राशि प्रदत्त**

बघेल ने कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षा को लेकर जागरूकता का बहुत अच्छा वातावरण निर्मित हुआ। यहां कोरोनाकाल की बाधाओं के बावजूद हमारे बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने शिक्षा की अलख को जगाया रखा। उन्होंने कहा- जैसा मुझे बताया गया है कि स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के तहत राज्य के 12वीं बोर्ड परीक्षा में हर जिले में प्रथम आने वाले छात्राओं को 50 हजार रूपए, प्रदेश में प्रथम आने वाली छात्रा एवं उसके स्कूल को एक-एक लाख रूपए स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है। साथ ही प्रत्येक संभाग में प्रथम आने वाले छात्रों को भी 50 हजार रूपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है।

## चंदखुरी में 8.20 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत चंदखुरी में सात करोड़ 50 लाख 12 कार्यों में सड़क, नाली, बोर खनन, चौक, रंगमंच, उद्यान, सामुदायिक भवन, फुटपाथ, शेड, कर्मचारी आवास, प्रतिक्षालय निर्माण एवं चौक-

लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थेनगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के अंतर्गत नगर पंचायत चंदखुरी में सात करोड़ 50 लाख 12 हजार रूपए के करीब 40 कार्यों का भूमिपूजन किया।

# छत्तीसगढ़ देश में सर्वाधिक लघु वनोपज खरीदी करने वाला राज्यः वन मंत्री

रायपुर। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कवर्धा में आयोजित समारोह में आज जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कवर्धा के नव निर्वाचित संचालक मण्डल के सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर उन्होंने नव निर्वाचित संचालक मण्डल के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

वन मंत्री श्री अकबर ने इस अवसर पर कहा कि पिछले तीन सालों में अकेले छत्तीसगढ़ में देश के 74 प्रतिशत लघु वनोपज की खरीदी की जा रही है। लघु वनोपज खरीदी में छत्तीसगढ़ का देश में पहला स्थान है। उन्होंने



**वन मंत्री ने जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कवर्धा के नव निर्वाचित संचालक मण्डल के सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया**

बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने स्वयं मुख्यमंत्री को लघु वनोपज प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार प्रदान किया है। छत्तीसगढ़ में लगभग 13 लाख 50 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक हैं। इसके अलावा लघु वनोपज के संग्रहण के लिए लगभग 4 लाख 50 हजार महिला समूह कार्यरत् हैं।

वनोपज की खरीदी कर इसकी वैल्यु एडिशन किया जाता है और वैल्यूएडिशन से प्राप्त राशि को समूह को दी जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने वायदे के अनुसार तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य ढाई हजार प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4 हजार प्रति मानक बोरा किया है।





**विभागीय बैठक..** कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

# सभी गौठानों में चारागाह विकास एवं पशुधन के स्वास्थ्य पर निगरानी रखें

रायपुर। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने महानदी मंत्रालय भवन में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के साथ-साथ सुराजी गांव योजना के गरवा, घुरवा, बाड़ी कार्यक्रम की प्रगति की गहन समीक्षा की।

मंत्री श्री चौबे ने अधिकारियों को राज्य के सभी गौठानों में पशुधन के हरे चारे की व्यवस्था के लिए चारागाह विकास का कार्य अनिवार्य रूप से कराए जाने के



**गौठानों में पशुपालन आधारित आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश**

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चालू खरीफ सीजन में गौठानों में चारागाह विकास के लिए नेपियर घास सहित हरे चारे की बुआई करें। उन्होंने गौठानों में पशुपालन से संबंधित आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को रोजगार और आय का अतिरिक्त साधन उपलब्ध हो सके। गौठानों से जुड़े समूहों को दुधारू पशुओं के पालन के लिए भी विभाग की योजनाओं के साथ-साथ डीएमएफ फंड से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली, संचालक पशुपालन श्रीमती चंदन त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गांवों में गौठान बनाए गए हैं। गौठानों में पशुओं को चारे एवं पेयजल के प्रबंध के साथ-साथ पशु स्वास्थ्य संरक्षण एवं उपचार की निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को गौठानों में नियमित रूप से पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए। गौठान से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों बकरी पालन, मुर्गी पालन, बटेर पालन, पशुपालन आदि के लिए भी प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें विभागीय योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत ने बताया कि राज्य में 6407 गौठान निर्मित एवं संचालित है।

# विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के 20 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित होने वाले मानसून सत्र की कार्यवाहियों के क्रियान्वयन तथा सत्र पूर्व तैयारी के संबंध में आज मंत्रालय में सचिव स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। मुख्य सचिव श्री जैन ने विभागों के सचिव और अधिकारियों को पूरक, अनुपूरक, तारांकित, अतारांकित प्रश्नों के उत्तर एवं अश्वासनों के

**छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र 20 जुलाई से 27 जुलाई तक**

संबंध में जानकारी को समयावधि में संसदीय कार्य विभाग, मुख्यमंत्री सचिवालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारियों को सभी जरूरी जानकारियों के साथ उपस्थित रहने कहा गया है। संसदीय कार्य सचिव श्री एस. प्रकाश ने प्रत्येक विभाग के प्रश्नों एवं विधानसभा के मानसून सत्र के संबंध में संसदीय कार्य विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों के संबंध में आवश्यक जानकारी मुख्य सचिव को दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू सहित सभी विभागों के भारसाधक सचिव मौजूद थे।

# कट्टरता के दौर में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं, बढ़ते सांप्रदायिक विद्वेष की कीमत चुकानी होगी

पिछले दिनों बांग्लादेश के नड़ाइल में मिर्जापुर यूनाइटेड कॉलेज के प्रोफेसर स्वप्न कुमार बसु और एक छात्र को उपस्थित भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में जूते की माला पहनाई। उन दोनों की गलती क्या थी? छात्र की गलती यह थी कि उसने भारत में चल रहे विवाद के बीच भाजपा से निलंबित नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। और प्रोफेसर की गलती क्या थी? उनकी गलती यह थी कि जब क्रुद्ध भीड़ उस छात्र को मारने के लिए उसका पीछा कर रही थी, तब प्रोफेसर ने अपने चेंबर में उस छात्र को शरण दी थी।

भीड़ ने कॉलेज कैंपस में ही प्रोफेसर के स्कूटर में आग लगा दी। प्रोफेसर ने पुलिस बुला ली। लेकिन पुलिस के जवानों ने प्रोफेसर और छात्र को सुरक्षा देने के बजाय उन्हें भीड़ के हवाले कर दिया, ताकि उन्हें अपमानित किया जा सके और जूते की माला पहनाई जा सके। नूपुर शर्मा की टिप्पणी पर सिर्फ नड़ाइल नहीं, पूरे बांग्लादेश में कट्टरवादियों ने तांडव मचाया था। उन कट्टरवादियों को संभवतः यह मालूम भी नहीं था कि उनके क्षुब्ध होने की वजह क्या है, आखिर विवादास्पद टिप्पणी में कहा क्या गया था।

वर्षों पहले जब मैंने धर्म पर कुछ कहा था, तब भी बांग्लादेश के कट्टरवादियों ने ऐसा ही तांडव मचाया था। वे भी नहीं जानते थे कि वस्तुतः मैंने कहा क्या था। हंगामा मचाने वालों को यह जानने की जरूरत नहीं होती कि वे किस बात पर हंगामा कर रहे हैं। वे जानना भी नहीं चाहते। उनके सामने सवाल रखने की इजाजत नहीं है। किसी तरह की आलोचना या अध्ययन से भी उनका कोई लेना-देना नहीं है। हद तो यह है कि वे सच भी जानना नहीं चाहते।



**धर्मांधता**

धार्मिक रूप से कट्टरवादी जिस तरह मुस्लिम समुदाय में हैं, उसी तरह हिंदू समुदाय में भी हैं। और समाज में कट्टरवाद बढ़ने से हिंदू-मुसलमान, किसी की भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। ऐसे में, सबसे ज्यादा मुश्किल उदारवादियों को होती है। कट्टरवाद के इस व्यापक दौर में वे कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

ऐसे कट्टरवादियों को जब पता चलता है कि किसी ने उनके धर्म से जुड़ी कोई बात कही है, तो धार्मिक भावना पर आघात लगने का आरोप लगाते हुए वे सड़कों पर उतर पड़ते हैं और समुदाय विशेष को निशाना बनाने के अपने हिंसक और विध्वंसात्मक अभियान में लग जाते हैं। खासकर मुस्लिम देश जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध में खड़े हैं, तब यह सवाल पैदा होता है कि यह दुनिया क्या मुस्लिमों और गैर मुस्लिमों में विभाजित हो जाएगी।

मैंने यह पाया है कि हाल के कुछ वर्षों में बांग्लादेश में अनेक शिक्षकों पर हमला बोला गया है, जिनमें से ज्यादातर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से हैं। ऐसा लगता है कि वहां का बहुसंख्यक समुदाय हिंदुओं को अब शिक्षकों के पद पर नहीं देखना चाहता। हिंदुओं की जमीन और संपत्ति पर पहले ही कब्जा हो चुका है, अब उनको शिक्षकों के सम्माननीय पेशे से हटाने की तैयारी है। स्वप्न कुमार बसु को अपमानित करने के कुछ ही दिन बाद आशुलिया में एक मुस्लिम छात्र ने हिंदू शिक्षक की क्रिकेट के विकेट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उस शिक्षक का दोष क्या था? उन्होंने एक छात्रा के साथ दुर्व्यवहार के मामले में उस छात्र को डांटा था। चूंकि वह छात्र स्कूल के मालिक का रिश्तेदार बताया जाता है, ऐसे में, मानना मुश्किल है कि उसे अपने अपराध की सख्त सजा मिलेगी। हालांकि हिंदू शिक्षकों को निशाना बनाने के विरोध में बांग्लादेश में कई जगहों पर प्रदर्शन भी हुए हैं, समाज में बढ़ती कट्टरता के खिलाफ आवाज उठाई गई है। लेकिन अच्छी चीजों के बजाय बुरी चीजों का असर और प्रसार ज्यादा होता है। इसीलिए मानवता के पक्ष में उठी आवाजों की तुलना में सांप्रदायिक विद्वेष और फतवा देने की प्रवृत्ति ही चर्चा में ज्यादा रहेगी। पूरे बांग्लादेश का एक जैसा हाल है। अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। क्या बांग्लादेश को सौ फीसदी मुस्लिम देश बनाने का लक्ष्य है? यही हाल रहा, तो बांग्लादेश के अफगानिस्तान में बदलने में देर नहीं लगेगी। नाच-गाना, नाटक-सिनेमा सब पर प्रतिबंध लग जाएगा। नारी-विद्वेषी, गणतंत्र-विरोधी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दुश्मन पूरे देश पर काबिज हो जाएंगे। बांग्लादेश में शरिया कानून लागू हो जाएगा। लड़कियों की शिक्षा और नौकरी पर अंकुश लग जाएगा और महिलाओं के लिए बुर्का पहनना अनिवार्य हो जाएगा। नड़ाइल की घटना के कुछ ही दिन बाद भारत में राजस्थान के उदयपुर में एक नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। दो कट्टरवादी मुस्लिमों ने एक हिंदू दर्जी की सिर्फ इसलिए गला काटकर हत्या कर दी कि उसने नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। यही नहीं, हत्यारों ने उस हत्याकांड का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर दिया। भारत में इन दिनों हिंदू-मुस्लिम तनाव बढ़ रहा है। ऐसे माहौल के बीच आईएस की तरह हत्या करने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का नतीजा भयंकर हो सकता है, क्या हत्यारे यह नहीं जानते थे? जाहिर है, इसके जरिये भारत में सांप्रदायिक विद्वेष और हिंसा फैलाने की मंशा थी। बेशक उदयपुर की रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना की प्रतिक्रिया में हिंसा की वैसी कोई घटना नहीं हुई, लेकिन यह भी सच है कि स्थिति सामान्य होने में लंबा वक्त लगेगा।

तस्लीमा नसरीन

## संपादकीय

### बिना सभ्य हुए ज्ञानी!

कैसे हो मनुष्य सभ्य? जबकि मनुष्य और समाज के बिना सभ्य और सुसंस्कृत हुए पृथ्वी की समस्याओं का समाधान संभव ही नहीं है। ज्पर यह काम हो कैसे? सभ्यता के इतिहास में कभी भी, किसी भी स्तर पर मनुष्य को सभ्य बनाने की वैज्ञानिक, तर्कसंगत कोशिश नहीं हुई। सत्य अनुसंधान के वैज्ञानिक तरीकों से समाज और उसके विकास का रास्ता नहीं बनाया गया। मनुष्य जीवन और समाज दोनों का धार्मिक और राजनीतिक टेकओवर इस कदर था कि सभ्य मनुष्य निर्माण में ज्ञान-विज्ञान और तार्किकता का हस्तक्षेप संभव ही नहीं हुआ। प्रलय का मुहाना -33= बिना सभ्य हुए ज्ञानी! मनुष्य खोपड़ी में ज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) क्रांति हुई। ज्ञानोदय (एन्लाइटेंमेन्ट) हुआ। इनसे ज्ञान-विज्ञान और प्रगति संभव हुई। बावजूद इस सबके मनुष्य दिमाग में समझदारी (विजडम) की बत्ती नहीं जली। मनुष्य सभ्य नहीं हुआ। पिछले तीन सौ वर्षों में मनुष्य जिज्ञासा ने प्रकृति के कई अभेद सत्य जाने लेकिन खुद का सत्य नहीं जाना! अपने और अपने समाज जीवन के आदिम स्वभाव को नहीं बदला। विज्ञान-तकनीक की बदौलत आस्मां फाड़ विकास हुआ लेकिन मनुष्य को सभ्य बनाने का विज्ञान नहीं बना। वह पशुगत प्रवृत्तियों और जैविक भिन्नताओं से मुक्त नहीं हुआ। मनुष्य दिमाग चेतन, रेशनल नहीं हुआ। विज्ञान ने मनुष्य का नॉलेज, उसकी क्षमताएं, उसकी ताकत व उपभोग को बढ़ाया लेकिन स्वभाव की आदिमताओं के साथ। ज्ञानात्मक (कॉग्निटिव) क्रांति से पहिए की खोज बैलगाड़ी-मोटरगाड़ी-हवाईजहाज में रूपांतरित हुई और अब स्पेसक्राफ्ट का मुकाम है मगर मनुष्य का दिल-दिमाग आदिम गुफाई जीवन की भूख, भय और हिंसा की प्रवृत्तियों में जस का तस जकड़ा हुआ है।

# बाजार के हवाले मां का दूध, नैतिकता और मुनाफे से ज्यादा जरूरत की है बात

*बंगलूरू स्थित नियोलैक्टा लाइफ साइंस प्रा. लि. नामक कंपनी द्वारा मां के दूध को पाश्चुरीकृत करके बेचने के मामले में एक साथ कई तरह के मानवीय और नैतिक प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। ब्रिटेन के डॉ. माइकल नामैन और अर्थशास्त्री सुसान न्यूमैन ने दिसंबर, 2020 में इस मामले की छानबीन कर एक आलेख प्रकाशित कराया था, जिसमें बताया गया था कि इस कंपनी ने एनजीओ के माध्यम से गरीब माताओं को लालच देकर दूध बटोरा और उसे डिब्बा बंद कर बाजार में ऊंची कीमत पर बेचना शुरू किया है।*

मामले के प्रकाश में आने के बाद 'फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई)' ने कंपनी के लाइसेंस को रद्द कर दिया, क्योंकि मां के दूध का व्यापार गैर कानूनी है। कंपनी ने एफएसएसएआई द्वारा कार्रवाई के बाद भी चालबाजी जारी रखी और ब्रांड नाम बदलते हुए 'नारी क्षीर' नाम से नवंबर, 2021 में आयुष लाइसेंस प्राप्त कर लिया। ब्रेस्ट फीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ इंडिया की नूपुर बिड़ला ने माताओं से दूध जमा कर, बेचने की अनुमति दिए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया था।

कम अवधि में जन्म लेने वाले बच्चों का जीवन बचाने के लिए दानदाता माताओं के दूध से दुग्ध बैंक बनाकर दूध पिलाने का प्रावधान तो है, मगर गरीब माताओं की मजबूरी का फायदा उठाते हुए थोड़े से पैसे का लालच देकर उनका दूध लेना और उसे बाजार में

**स्तनपान के हक में**



दुग्ध बैंक की अवधारणा की वकालत करने वाले आज इसके दुरुपयोग पर खामोश क्यों हैं? मां द्वारा स्तनपान कराने का कोई विकल्प नहीं होता। मांओं के पाश्चुरीकृत दूध में उतने पोषक तत्व नहीं होते, जितने स्तनों से दूध पिलाने पर शिशुओं को मिलता है।

4,500 रुपये प्रति 300 मिलीग्राम पर बेचना अपराध की श्रेणी में आता है। मानव दूध बैंकिंग एसोसिएशन के डॉ. सतीश तिवारी ने इसे घिनौना कृत्य बताया है।

यूनिसेफ भी ऐसे कृत्य को अनुचित मानती है और कंबोडिया जैसा गरीब मुल्क भी अमेरिकी कंपनियों के दबाव के बावजूद, अपने यहां ऐसे कृत्य को रोके हुए है। कुछ वर्ष पूर्व जब दुग्ध बैंक की अवधारणा सामने आई थी, तभी आशंका जताई गई थी कि आने वाले दिनों में इसका दुरुपयोग हो सकता है। अमीर महिलाएं अपनी सुंदरता बरकरार रखने के लिए अपने शिशु को अपना दूध न पिलाकर, ऐसी कंपनियों के माध्यम से गरीब माताओं का दूध खरीदेंगी और दूसरों की कीमत पर अपने बच्चे पालेंगी।

मां की कोख उधार लेकर (सेरोगेसी) बच्चा पैदा करने का विकल्प पहले से खुला हुआ है। बाजार ने अब मां की ममता और दूध, दोनों को बिकाऊ बना दिया है। ब्लड बैंकों का यथार्थ हमारे सामने है। ज्यादातर ब्लड बैंक साधन संपन्न लोगों के काम आए हैं, वह भी गरीबों, लाचारों की कीमत पर, जो भूख और गरीबी से तंग आकर मजबूरीवश अपना खून बेचने को बाध्य होते हैं। ऐसे में हमें दुग्ध बैंक की अवधारणा के मानवीय पक्षों पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इसी अवधारणा ने नियोलैक्टा जैसी कंपनी को मां का दूध बेचने की इजाजत दी है।

यह कम दुर्भाग्यपूर्ण नहीं है कि कुपोषित गरीब मांओं को मजबूरीवश दूध बेचना पड़ रहा है और संपन्न घरों की महिलाएं अपने सौंदर्य को बनाए रखने के लिए उनका दूध खरीद रही हैं। हमारे देश की गरीब मांओं का स्वास्थ्य इतना बेहतर नहीं होता कि उन्हें प्रचुर मात्रा में दूध हो। जाहिर है, जब आप उनसे उनका दूध खरीद लेंगे, तो वे अपने शिशुओं का पेट नहीं भर पाएंगी। उनके पास अपने शिशुओं को खिलाने-पिलाने के लिए कोई और विकल्प नहीं होता। इसलिए उनके बच्चे कमजोर होंगे। दुग्ध बैंक की अवधारणा की वकालत करने वाले आज इसके दुरुपयोग पर खामोश क्यों हैं? मां द्वारा स्तनपान कराने का कोई विकल्प नहीं होता। मांओं के पाश्चुरीकृत दूध में उतने पोषक तत्व नहीं होते, जितने स्तनों से दूध पिलाने पर शिशुओं को मिलता है।

सुभाष चंद्र कुशवाहा

## मिला जुला

# कंडरका पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 24 घंटे के अंदर हत्या के आरोपी को धर दबोचा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के चौकी कंडरका थाना बेरला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरसी में हुए हत्या के मामले में बेमेतरा पुलिस चौकी कंडारक पुलिस ने हत्या के आरोपी को 24 घंटे के अंदर पकड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिस पर बेमेतरा जिले के चौकी कंडारका थाना बेरला में अपराध क्रमांक 253/2022 धारा 294,506 बी,324,307,302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में मृतक भुनेश्वर साहू पिता कोंदा साहू उम्र 45 साल ग्राम बोरसी चौकी कंडरका थाना बेरला का रहने वाला है जिसके पड़ोसी आरोपी डीगेश्वर पाल पिता रामखिलावन पाल उम्र 22 साल ग्राम बोरसी चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा, मृतक



भुनेश्वर साहू और आरोपी डिगेश्वर पाल पड़ोसी हैं आरोपी अपने मन में संदेह रखता था कि भुनेश्वर साहू एवं उसकी परिवार ही 7 व 8 साल पहले इसकी पिता को काला जादू किए थे जिससे आरोपी का पिता रामखिलावन पाल का लगातार उल्टी होने व बीमार होने से मृत्यु हो गया था जिससे आरोपी के मन में पूर्व से ही मृतक भुनेश्वर के लिए रंजिश रखता था करीब 2 व 3 साल पूर्व आरोपी अपने घर में बोर करवाया है जिससे निकासी पानी को पूर्व से बने गली के नाली में निकालने से पड़ोसी भुनेश्वर साहू व उसकी पत्नी विवाद करते रहे हैं करीब एक सप्ताह पूर्व भी भुवनेश्वर की पत्नी आरोपी को नाली में झिल्ली कचरा को फेंक दिए हो कहकर गाली गुप्ता किया था इसी पुरानी रंजिश को लेकर मृतक भुनेश्वर साहू के परिवार के लोग आरोपी के पिता काला जादू करने से मौत होने की बात आरोपी के मन में चल रहा था जो आरोपी मृतक भुनेश्वर साहू को जान से मारने का मौका तलाश रहा था कि 04 जुलाई 2022 को रात्रि करीबन 09 बजे भुनेश्वर साहू गांव के पैठूं तालाब पार में अर्जुन निषाद के साथ गांजा पीते बैठा था आरोपी भी उनके पास जाकर गांजा पीने लगा फिर मौका पाकर आरोपी लघुशंका जा रहा हूं कहकर उसके पास से दूर हटकर अपने पेंट के जेब में रखे चाकू को निकाल कर चाकू के बटन को चालू कर मृतक भुनेश्वर साहू के पास जाकर सीने में वार किया। जिसे देखकर मृतक के दोस्त अर्जुन निषाद वहां से भाग गया। तब आरोपी द्वारा मृतक भुनेश्वर साहू के पेट, गला, पिछे पीठ पर वार किया। उसके बाद बाए कान के ऊपर सिर में वार किया तब चाकू भुनेश्वर साहू के सिर में फस गया घायल भुनेश्वर साहू बस्ती की तरफ भागकर सरपंच उमाकांत वर्मा उर्फ राजू वर्मा के घर के पास गया अपने सिर में लगे चाकू को निकालकर सरपंच के घर के सामने नरेश साहू के चौरा में चाकू को रख कर सरपंच के घर में जाकर बचाओ बचाओ मेरा जान बचाओ बोलते हुए बताया कि मुझे पड़ोसी डिगेश्वर पाल द्वारा गाली गुप्ता कर जान से मारने की नियत से चाकू मारा है मैं मर जाऊंगा मेरा ईलाज कराओ जिसे इलाज हेतु तत्काल 108 वाहन के सहयोग से मेकाहारा अस्पताल रायपुर में इलाज दौरान मृत्यु हो गई। आरोपी डिगेश्वर पाल पिता रामखिलावन पाल उम्र 22 साल ग्राम बोरसी चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा को 07 जुलाई 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# वनोपज संग्रहण से मिल रही आर्थिक मजबूती

## जिले में 58210 तेन्दूपत्ता संग्राहकों 39 करोड़ 68 लाख से अधिक की राशि का किया भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



वनवासियों एवं लघुवनोपज संग्राहकों के लिए लघुवनोपज संग्रहण जीवकोपार्जन का महत्वपूर्ण साधन रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व राज्य शासन द्वारा 61 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है जिससे वन और वनोपज पर आश्रित संग्राहकों को आर्थिक मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर वनोपज संग्राहकों को उनकी मेहनत का सही मूल्य दिलाने के लिए लघु वनोपजों के क्रय मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। जिले में ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों को वनोपज संग्रहण से आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। जिससे वे अपने परिवार के आजीविका में बढ़ोतरी कर रही है। साथ ही शासन द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण दर को 2500 प्रति मानक बोरा से बढ़ाते हुए 4000 प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। जिससे संग्राहकों में काफी खुशी देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में जिले में 58210 तेन्दूपत्ता संग्राहकों द्वारो विगत 03 वर्षों में 99204.59 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया। जिससे उन्हें राशि रुपए 3968.17 लाख की आय प्राप्त हुई है।



# जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आठ जुलाई को होगा ग्राम सभा का आयोजन

## ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सर्वेक्षण सूची का किया जाएगा अनुमोदन

**कोरबा** । अन्य पिछडा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सर्वेक्षण सूची का अनुमोदन कराने के लिए आठ जुलाई को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में सर्वे की अंतिम सूची का अनुमोदन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री संजीव झा ने जरूरी आदेश जारी कर दिये है। जारी आदेशानुसार ग्राम सभा में गणपूर्ति कराने का दायित्व पंच, सरपंच एवं ग्राम पंचायत सचिवों को सौंपा गया है। ग्राम सभा का आयोजन कोविड 19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया जाएगा। कलेक्टर श्री झा ने ग्राम सभा के सुचारू संपादन के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। क्वांटिफायबल डाटा आयोग द्वारा राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछडा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के सर्वेक्षण एवं डाटा संग्रहण के लिए समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार आठ जुलाई को सर्वे सूची का ग्राम सभा में अनुमोदन, 13 जुलाई को ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद स्तर पर डाटा संकलन का कार्य, 18 जुलाई को जनपद स्तर से जिला स्तर पर डाटा सम्प्रेषण एवं 21 जुलाई को कलेक्टर द्वारा डाटा आयोग को जानकारी प्रेषण शामिल है।

# अदालती रोक के बाद भी अवैध रूप से दवाओं की बिक्री ऑनलाईन

## ऑल इंडिया अर्गानाईजेशन ऑफकेमिस्टस एण्ड ड्रगिस्टस द्वारा न्यायलीन आदेश लागू करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

महासमुंद मेडिकल स्टोर्स के संचालक एवं जिला दवा विक्रेता संघ सचिव अरसी अनवर ने बताया कि गुजरात हाईकोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के रूख को दोहराया।

5 जुलाई को गुजरात उच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ साथ ई-फार्मेसी कंपनियों को मरीज और ई-फ र्मेसी कंपनियों द्वारा रखे गये चिकित्सा पेशेवरों के मध्य काल की व्यवस्था करने की प्रक्रिया के दुरूपयोग के संबंध में दर्ज एक मामले पर जहां एक व्यक्ति जिसकी कोई पहचान नहीं है वह इंटरनेट पर मरीज से चर्चा के आधार पर, दवाओं का एक प्रिस्क्रिप्शन लिखता है। फोन पर परामर्श के दौरान उस तथाकथित डॉक्टर की पहचान नहीं होती है और वे डॉक्टर के पर्चे जारी करने से पहले कोई मेडिकल रिपोर्ट नहीं देखते है। इसका सीधा असर नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसके लिए गुजरात उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किया है। याचिका में यह भी प्रस्तुत किया गया था कि इस तरह के प्रिस्क्रिप्शन की कानून की नजर में कोई मान्यता नहीं है और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग पूर्व में भारतीय



चिकित्सा परिषद द्वारा उन डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिएए जो इस तरह के प्रिस्क्रिप्शन प्रदान करते हैं जो वास्तविक नहीं है। यह भी कहा गया था कि यह भी ज्ञात नहीं है कि ऐसे चिकित्सा पेशेवरों के पास अपने लेटरहेड पर दवाओं को लिखने की विशेष योग्यता है। याचिका में यह आगे प्रस्तुत किया गया था कि ड्रग्स और प्रिस्क्रिप्शन दवाओं को बेचने वाली वेबसाईटों के पास ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 की धारा 18 के तहत आवश्यक लाईसेंस नहीं है। जिसे ड्रग्स रूल्स 1945 के नियम 61 और 62 के नियम के साथ दिया जाता है। इसके अलावा यह भी प्रस्तुत किया गया था कि यह चौंकाने वाला है कि ऑनलाईन फार्मसियों में कुछ निर्धारित दवाएं बिना किसी नुस्खे के दी जाती है। जिन्हें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे द्वारा ऑर्डर किया जा सकता है और जो कि उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा। इसके अलावा यह प्रस्तुत किया गया है कि ई.फार्मेसी फर्मो को लाईसेंस जारी करने के संबंध में प्रावधान भी नहीं है। क्योंकि अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। गुजरात उच्च न्यायालय का यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 12 दिसंबर 2018 को जारी स्थगन आदेश के अनुरूप है। जहां बिना लाईसेंस के दवाओं की ऑनलाईन बिक्री पर रोक लगाई गई थी। और बाद की तारीखों पर 08 जनवरी 2018 और 06 फरवरी 2019 को स्थगन आदेश जारी रखा गया था। यह वास्तव में बहुत खेदजनक है और दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बिना लाईसेंस के दवाओं की ऑनलाईन बिक्री पर रोक लगाने के बावजूद अभी भी सरकार के समर्थन और कार्पोरेट फंडिंग के माध्यम से ऑनलाईन फार्मेसीज का कार्य जारी है। इसका नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। आज तक दवाओं को ऑनलाईन बेचने के लिए कोई लाईसेंस निर्धारित नहीं किया गया है और सभी ऑनलाईन फार्मेसी अवैध क्षेत्र में चल रही है। ऑल इंडिया आर्गनाईजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स नियमित रूप से देश की हमारी सरकार के साथ पत्राचार कर रही है और सरकार से उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने और नागरिकों के स्वास्थ्य की खातिर ई-फार्मेसियों द्वारा इस गैरकानूनी गतिविधि को और कानून के दुरूपयोग को रोकने के लिए ऑल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने मांग की है।

# मुलाकिसोली ग्रेनाइट खदान लीज के खिलाफ ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिले के कोन्टा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुलाकिसोली ग्रेनाइट खदान के लिए फर्जी ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित करने की बात सामने आ रही थी। जिसको लेकर ग्रामीण भी आपत्ति दर्ज करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंप विरोध दर्ज करवाया।



पूर्व विधायक मनीष कुंजाम मुलाकिसोली ग्राम पंचायत पहुंचे थे जहा पर पाए जाने वाले उच्च क्वालिटी की गौण खनिज ग्रेनाइट पत्थर का उत्खनन की जानकारी ग्रामीणो से ली। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि 7 जुलाई से उक्त खदान के लिए ई टेंडर से खदान की नीलामी के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ होने की बात सामने आई है क्या आप ग्रामीण सहमत हो, जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि हमें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। और इस मामले को लेकर आज तक कभी ग्राम सभा भी नहीं हुआ है। अगर बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के यहां प्रक्रिया की जा रही है तो उक्त खदान की टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह से अवैध है और जो दस्तावेज दिखाया जा रहा है। वह भी फ र्जी दस्तावेज है क्योंकि ग्रामीण स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि यहां पर किसी भी प्रकार का ग्राम सभा का आयोजन नहीं हुआ है। मनीष कुंजाम ने कहा कि उक्त खदान के लिए ग्रामीण सहमत नहीं है, और यहां किसी को भी खदान चालू करने नहीं देना चाहते हैं, ग्रामीणों की मंशा स्पष्ट है यह जो खदान की प्रक्रिया हुई है वह पूरी तरह से गलत प्रक्रिया अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि हम विरोध मे ज्ञापन सौंपे है।

## खदान आवंटन में फर्जी ग्राम सभा का प्रस्ताव

ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा के पास अधिकार होता है कि ग्राम सभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के कार्य के लिए ग्राम सभा की अनुमति की जरूरत होती है लेकिन यहां पर फर्जी ग्रामसभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्रामीण स्पष्ट कर रहे हैं कि खदान को लेकर किसी भी प्रकार का ग्राम सभा का आज तक कोई बैठक नहीं हुआ है। ऐसे में जो ग्राम सभा का प्रस्ताव की बात कही जा रही है।

## लीज के प्रतिबंध की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, ग्रामीण

ग्रामीणों के मुताबिक जिलाधिकारी से माईनिंग के टेके की प्रकिया पर रोक की मांग को लेकर ज्ञापन सौपते हुए खदानों में खनन को प्रतिबंध लगाने संबंधी औपचारिकता निरस्त करने के मांग के साथ लीज की प्रक्रिया पे तत्काल रोक लगे ऐसे अपील के साथ ज्ञापन सौंपा। उक्त गौण खनिज के उत्खनन हेतु हमारे गांव के खसरा क्रमांक 194, 196,197, 198, 199, 201, 202, 204 एवं 205 कुल रकबा 39.149 हेक्टेयर एवं खसरा क्रमांक 148 रकबा 9.79 हेक्टेयर काबिज कास्त की निस्तार की भूमि प्रभावित होगी। जिसमें महुआ 73, बीजा 64, साजा 84 एवं तेन्दू 3292 वृक्ष है। प्रस्तावित भूमि और वृक्षों से हमारा

**निस्तार व लघु वनोपज का संग्रहण पीढ़ियों से रहा है। वनोपज के माध्यम से ही हम ग्रामवासी**

अपने एवं अपने परिवार का पालन-पोषण करते रहे है। पेसा अधिनियम 1996 की धारा 4 ट, के तहत् पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन पट्टो को प्रदान करने के पूर्व ग्रामसभा या ग्राम पंचायत की सिफारिशों को आज्ञापक बनाती है और हमारी ग्रामसभा या ग्राम पंचायत के द्वारा कभी भी ग्रेनाईट गौण खनिज के उत्खनन की सिफारिश या ग्राम सभा नहीं की।

# रेलवे बोर्ड के चेयरमैन का दौरा स्थगित, 11 को आएंगे कोरबा

**कोरबा ।** शुक्रवार को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ वीके त्रिपाठी कोरबा निरीक्षण में पर आने वाले थे। उनके दौरे का कार्यक्रम भी बोर्ड से जोनल मुख्यालय में पहुंच गया था, जिसे लेकर कोरबा रेलवे स्टेशन को व्यवस्थित करने में पूरा अमला जुट गया था। स्टेशन के अंदर व बाहर जहां भी अव्यवस्था दिखाई दे रही थी। उसे व्यवस्थित करने में अधिकारी कर्मचारी लगे हुए थे।

सफाई का काम देखने वाली एजेंसी के कर्मी पूरे स्टेशन क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में गुरुवार की सुबह से ही जुटे हुए थे। ताकि चेयरमैन को यहां किसी तरह की खामियां नजर न आए, जिससे उन्हें डांट खानी पड़े। तैयारी चल ही रही थी कि दोपहर में रेलवे बोर्ड से एक और प्रोग्राम शेड्यूल जारी हो गया, जिसके अनुसार त्रिपाठी अब 8 नहीं बल्कि 11 जुलाई को कोरबा 10.30 बजे पहुंचेंगे। वे यहां दोपहर 1 बजे तक निरीक्षण करेंगे। उसके यहां से दो बजे वे रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां से वे हवाई मार्ग से दिल्ली चले जाएंगे। जब भी कोई वीवीआईपी कोरबा आते हैं तो उनके लिए स्टेशन को स्वच्छ व सुंदर बनाने में पूरा अमला जुट जाता है।

## एक नजर

### भारत सरकार के सचिव ने किया जल ग्रहण मिशन के कार्यों का निरीक्षण



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जल शक्ति मिशन अन्तर्गत भारत सरकार से निरज गया। आईएएस संयुक्त सचिव एवं अनमोल शर्मा वैज्ञानिक सीयूडब्ल्यू, के द्वारा दो दिवसीय जल शक्ति मिशन के कार्यों का जिलान्तर्गत सभी विकासखण्डों का दौरा किया। जिसमें उनके द्वारा आईडब्ल्यूएमपी, जल संसाधन, मनरेगा से हुए कार्य जैसे वृक्षारोपण, एनिकट निर्माण, चेकडेम निर्माण, परकोलेशन टैंक, जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें उनके द्वारा कार्यों के प्रगति एवं जल शक्ति मिशन अन्तर्गत किये गये कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना मण्डावी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन सीएस शिवहरे, एसडीओ कृषि आर के सोलंकी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर मनरेगा तथा जनपद पंचायत के सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

### बाइक को टक्कर मार आंगन में घुसा ट्रेलर, तीन लोग घायल

**कोरबा ।** बलौदा बाजार मार्ग की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी.12 एयू 2010 ने मोड़ पर नीम पेड़ के पास खड़ी एक बाइक को टक्कर मारने के बाद एक घर की आंगन की तरफ बढ़ गया और कुर्सी पर बैठे लोगों को भी चपेट में ले लिया। ट्रेलर से टक्कर लगने पर एक डेढ़ वर्ष का बालक पुनाल साहू सहित लक्ष्मी नारायण साहू 35 और कैलाश साहू 25, सहित तीन लोग करीब 15 फीट दूर तक छिटक गए। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं ट्रेलर का चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर भाग गया। लोगों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भेजा गया। जहां से उनको कोरबा के अस्पताल रिफर कर दिया गया है। लक्ष्मी नारायण साहू का पैर टूट गया है। कैलाश साहू के हाथ पैर में गंभीर चोट है वहीं बच्चे को भी गंभीर चोट लगी है।

### बरातियों से भरी कार पुल से टकराई, कोरबा के तीन सवारों की मौत, पांच घायल

**कोरबा ।** बरातियों से भरी कार के नव निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 रायगढ़.बिलासपुर में खरसिया के पास बरगढ़ बोराई नाला पुल के रेलिंग से टकरा जाने से कोरबा के तीन सवारों की मौत हो गई। हादसे में पांच सवार गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को सक्ती स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यहां तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतरर्गत बेलाकछार निवासी ओमप्रकाश साहू अपनी कार क्रमांक सीजी 12, वाय 9664 में पीयूष साहू, आयुष साहू, ओमप्रकाश चौहान, फुलेदास महंत, अरुण यादव, किस्मत यादव और विशाल महंत के साथ रायगढ़ जिले के ग्राम उलदा बरात में शामिल होने जा रहे थे। देर शाम तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग से टकरा गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी सवार नशे में धुत थे और कार काफी तेज रफ्तार से चल रही थी। दुर्घटना में बालको थाना क्षेत्र के बेलाकछार निवासी फूलेदास महंत 23 की मौके पर मौत हो गई । दुर्घटना की सूचना पर खरसिया पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग और खरसिया सिविल अस्पताल से एंबुलेन्स मौके पर पहुंची। दुर्घटना की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में आसपास के लोग जमा हो गए और अपने स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य शुरु किया। घायलों की स्थिति को देखते हुए आसपास के लोगों की मदद से उन्हें सक्ती अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान बेलाकछार बालको निवासी अरुण कुमार रामकुमार यादव 18 और एक अन्य युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल पांच अन्य सवारों का सक्ती स्वास्थ्य केंर्द्र में उपचार चल रहा है। इनमें तीन घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

# बस्तर फाईटर्स आरक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 17 जुलाई को

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा एवं केन्द्रीय विद्यालय सुकमा में होगी परीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

बस्तर फाईटर्स आरक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2021-2022 अंतर्गत जिला सुकमा में शारीरिक दक्षता परीक्षा में योग्य पाये गये 568 अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा जिला मुख्यालय सुकमा में 17 जुलाई रविवार को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा एवं केन्द्रीय विद्यालय सुकमा में परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा 17 जुलाई को निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों की प्रात: 08 बजे से बायोमेटिक शिनाख्त पश्चात ही परीक्षा केन्द्र कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। लिखित परीक्षा के लिये 12 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमाए कम्पोजिट भवनए

**12 जुलाई से 15 जुलाई तक प्राप्त कर सकते हैं प्रवेश पत्र**

कुम्हारराास में कार्यालयीन समय पर अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दिये गये प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी के प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची अनुसार जिला सुकमा मुख्यालय में माह अगस्त प्रथम सप्ताह में 20 अंकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। अभ्यर्थियों की प्राप्ताकों ;शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं बोनस अंक के महायोग के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बस्तर फाईटर्स आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत् जिला.सुकमा में 09 मई 2022 से 09 जून 2022 तक अभ्यर्थियों का दस्तावेजों की छानबीन, शारीरिक मापतौल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा की कार्यवाही की गयी। शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त कुल 512 पुरूषए 56 महिला सहित कुल 568 उम्मीदवार नियमानुसार आगामी लिखित परीक्षा हेतु योग्य पाये गये हैं।

# राजीव युवा मितान क्लब के जरिए जिले के युवा निभाएंगे सामाजिक जिम्मेदारी

सुकमा जनपद के 33 ग्राम पंचायत के क्लब पदाधिकारियों की हुई बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव योजना राजीव युवा मितान क्लब के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला सुकमा में शुक्रवार को कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सुकमा के अंतर्गत 33 ग्राम पंचायतों में गठित राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में विशेष रुप से हरीश कवासी, अध्यक्ष सुकमा जिला पंचायत, जगन्नाथ साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुकमा एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। सुश्री प्रीति दुर्गम, एसडीएम सुकमा द्वारा पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विस्तारपूर्वक राजीव युवा मितान क्लब के कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही जिला प्रशासन सुकमा के द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। जिला खेल अधिकारी विरुपाक्ष पुराणिक ने बताया कि आगामी 11 जुलाई को छिन्दगढ़ जनपद एवं 13 जुलाई 2022 को कोन्टा जनपद के पदाधिकारियों की बैठक प्रस्तावित है। आज की बैठक में सुकमा जनपद अंतर्गत गठित राजीव युवा मिताल क्लब के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, उपाध्यक्ष व युवा सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गड़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय को सफल बनाने, युवाओं को सकारात्मक व रचनात्मक दिशा देने के लिए राजीव युवा मितान क्लब योजना का शुभारंभ किया गया है। जिला सुकमा में कुल 162 राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया जाना है।

# पोल्ट्री फार्म में घुस अजगर खा गया मुर्गियां, पेट फूला तो फंसा

**कोरबा ।** शहर के गोकुल नगर में संचाजिल पोल्ट्री फार्म में घुस कर सात फीट अजगर ने दो मुर्गियों का शिकार कर लिया। पेट फूलने के कारण वह बाहर निकलने में नाकाम हो गया। इस की सूचना सर्प मित्र को दी, जिसने रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला। तब कहीं जाकर फार्म संचालक ने राहत की सांस ली। जिले में प्रतिदिन रिहायशी इलाकों व घरों में सांप निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी तरह की घटना जिला जले के पीछे गोकुल धाम देखने को मिली है। यहां निवासरत देवेंद्र शर्मा पोल्ट्री फर्मा का संचालन करते हैं। सुबह के समय जब वे अपने फार्म में पहुंचे तब उन्होने देखा कि विशालकाय अजगर पोल्ट्री फार्म से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा था। उसकी हलचल फार्म मुर्गियों इधर उधर भाग रही थीं। पेट फूलने के कारण अजगर बाहर निकलने में नाकाम था। संचालक को समझने में देर न लगी कि उस अजगर ने मुर्गियों का शिकार कर लिया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिखाई संवेदनशीलता जगरनाथ चौहान के पैरों का हुआ ईलाज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जशपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभिन्न ग्रामों में आयोजित भेंट.मुलाकात के दौरान पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम चंदागढ़ निवासी जगरनाथ चौहान ने अपने पैर के इलाज के लिए निवेदन किया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार्यवाही करते हुए ईलाज करने हेतु निर्देशित किया गया था। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जगरनाथ चौहान का रायपुर मेडिकल कॉलेज में ईलाज किया गया। चौहान का सफलतापूर्वक घुटने का रिप्लेसमेंट किया गया है। इसके लिए जगरनाथ चौहान ने जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया है।



# कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

जिला स्तरीय जल परीक्षण लैब हेतु बनाए जा रहे नए भवन की कार्य प्रगति का लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**भवन निर्माण के अपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व्हीके उरमालिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कार्यालय में जल जीवन मिशन के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति का जायजा लेते हुए सभी को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर ने विभाग के जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला का भी अवलोकन कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कार्यालय परिसर में जल परीक्षण लैब के लिए बनाए जा रहे नए भवन की कार्य प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने भवन के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु अधिकारी को निर्देशित किया। इस हेतु श्रमिकों की संख्या बढ़ाने एवं विभिन्न पालियों में कार्य कराने की बात कही। साथ ही भवन निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# निर्माण कार्यों में कोताही स्वीकार्य नहीं

कार्य प्रगति में लाए तेजी, उदासीनता बरतने वाले ठेकेदारों पर करे कड़ी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



**कलेक्टर हरिस एस ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

जिले में निर्माण कार्यों की महत्ता सबसे अधिक है, संरचना खड़ी होने पर ही उसमे किसी भी प्रकार की सेवा प्रदान की जा सकती है। जिले में चल रहे सभी विकास कार्य को प्राथमिकता दे, तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने यह निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिले में चल रही समस्त निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और कार्य प्रगति का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों को क्रियान्वित करने वाली समस्त विभाग जिला निर्माण समिति, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रत्येक कार्य पर विस्तृत जानकारी ली और संबंधित कार्यपालन अभियंता, अभियंता, सहायक अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी से चर्चा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी गति और विगत वर्षों में स्वीकृति प्राप्त कार्यों में अनावश्यक विलंब पर गहरी चिंता जताई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रगतिरत पीडीएस, आंगनबाड़ी, सामुदायिक तथा उपस्वास्थ्य केंद्र, आवासीय भवन, स्कूल,आश्रम तथा अन्य भवन निर्माण सहित सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण की भौतिक प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा की विभाग सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता तथा कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। कलेक्टर हरिस एस ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है की बारिश के मौसम में जिन कार्यों को किया जा सकता है, उन्हे आगमी दो माह के भीतर पूर्ण करें। सड़क निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है। उन्हे जल्द पूरा करे। और जिनमें सुरक्षा व्यवस्था में कोई समस्या हो, तो पुलिस/सुरक्षा बल के माध्यम से उसका निराकरण सुनिश्चित कर, निर्माण कार्य को आगे बढ़ाएं। उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों में सुस्त रवैया रखने वाले ठेकदारों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, सेतु निर्माण, पीएमजीएसयाई सहित जिला निर्माण समिति के कार्यपालन अभियंताए अनुविभागीय अधिकारी, सहायक अभियंता एवं उप अभियंता उपस्थित रहे।



पुलिस महकमें के सामने से निकलती अवैध बालू की ट्रेक्टर

# बरसात का मौसम फिर भी अनवरत जारी बालू चोरी का खेल

## मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन प्रशासन क्यों नहीं करती जनता मांगे जवाब

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम भले ही धरमजयगढ़ विधानसभा में स्थगित हो चुकी है। फिर भी प्रशासनिक तंत्र के ऊपर सवालिया निशान उठता है। आखिर क्या वजह है मुख्यमंत्री का क्षेत्र में दौरा कार्यक्रम है और खुलेआम बालू माफिया चोरी करते नजर आते हैं।





पुलिस प्रशासन वन विभाग एवं राजस्व विभाग को जरा भी भय नहीं मुख्यमंत्री का यह कैसा सांठ-गांठ है कि पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को नौकरी जाने का तनिक भी डर नही। सैकड़ों शिकायत के बावजूद भी अनवरत जारी है बालू चोरी का खेल ग्रामीणों की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होना भ्रष्ट तंत्र की पोल खोल सार्वजनिक रूप से सबके सामने उजागर होती है। पुलिस प्रशासन द्वारा अपराध नियंत्रण करने के उद्देश्य से हर चौंक चौवहारे पर हर दिशा में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। फि र भी बालू माफि याओं के हौसले बुलंद हैं। चौंक से रोजाना बालू से लदा सैकड़ों ट्रेक्टर गुजर रही है। बालू चोरी की सुचना रायगढ़ जिले के सभी बड़े एसडीओपी थानेदार तक जानकारी रखते हैं फिर भी खनिज एक्ट के तरह कड़ी कार्रवाई नहीं होने से ले.देकर मामला सुलटा लिया जाता रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाता रहा है। आखिर क्यों नहीं होती एफ आईआर बालू चोरी करवाने वाले के ऊपर, ट्रेक्टर मालिक से लेकर उन माफियाओं तक कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए जो कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। अपराध को रोकना है तो पुलिस प्रशासन जिम्मेदारी का निर्वहन करें दिखावे की कार्रवाई से पुलिस पर ही सवाल खड़े हो रही है। नाबालिग ट्रेक्टर चालकों से लेकर नाबालिग ग्रामीणों से ट्रेक्टर में बालू भराई का कार्य किया जाता रहा है। उन ग्रामीणों के ऊपर भी कार्रवाई हो जो कुछ पैसों के लिए गांव के भोले-भाले बच्चों को मजदूर बनाकर रात में बालू चारी करने लाते हैं। जबकि कई बार बालू चोरी करते समय दुर्घटना घट चुकी है हाल ही में एक नाबालिग ट्रेक्टर ड्राइवर की मौत भी हो चुकी फि र प्रशासन को इसकी चिंता नहीं हैए आसपास के गांवों में बाहरी ट्रेक्टरों को लाकर रखा जाता है वहीं ट्रेक्टर दिन भर खड़ी रहती है और रात में बालू चारी करने में उपयोग में लिया जाता है। प्रशासनिक अधिकारी चाहें तो एक दिन में बालू चोरी का खेल समाप्त किया जा सकता है। माफि याओं के पुरे सरगना के ऊपर कानून के विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई हो सकती है जिससे उनको जमानत तक नहीं मिल सकता परन्तु यह सब पुलिस की मंशा पर ही संभव है। बिना रोयल्टी के बालू कैसे खनन हो रही है बिना लाइसेंस के नाबालिग फ र्जी दास्तावेज लेकर भारी वाहन कैसे चला सकता है। मुख्यमार्ग में इस तरह के खुलेआम परिवहन कानून का मजाक बना कर आम जन की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आखिर कब तक राजनीतिक संरक्षण व प्रशासन की पनाह में बालू चोरी का खेल चलता रहेगा। शासन प्रशासन की आंख अब खुलेगी चंद रूपयों के लिए नौकरशाह कब तक भ्रष्टाचार रोटी सेकते रहेंगे, लाखों रुपए की सरकारी राजस्व हानि के लिए जिम्मेदार कौन, आज महंगे दामों पर बालू की मांग है। गरीब जनता कहां से बालू खरीद पायेगा उसकी कमर ही टूट चुकी है मंहगाई में दो नंबर का अवैध रूप से मिलने वाला बालू होने के कारण आमजन को अत्याधिक भाव में बालू को खरीदना पड़ रहा है। इसके लिए जिम्मेदार कौन क्यों प्रशासन की लगाम नहीं है इस अवैध कारोबार पर घरघोड़ा कंचनपुर आमापाली घाट चारपल्ली व बैहामुड़ा घाट वन विभाग के अंतर्गत आता है फि र वहां तक ट्रेक्टर वन सड़क का उपयोग कर कैसे पहुंच रही है। जबकि जंगल से होकर जाने वाले हर ट्रेक्टर पर राजसात की कार्रवाई हो सकती है। लेकिन अभी तक घरघोड़ा वन विभाग की नींद नहीं खुली है। पैसों के लेन-देन ने सायद विभाग हाथ बांध रखे हैं। इसी तरह वन विभाग की कार्यप्रणाली रही तो आने वाले दिनों में ना नदी रहेगी ना ही जंगल वन रक्षक वन क्षेत्र पाल की भूमिका संदेहास्पद है। बालू माफि या प्रशासन के साथ गठजोड़ कर बेफिक्र रूप से बालू का अवैध धंधा चला रहे हैं। आखिर अवैध रूप से चलने वाले इस गोरखधंधे पर कड़ी कार्रवाई कब होगी। राज सात कर कब जेल तक पहुंचेंगे अपराधी।

## एक नजर

### प्रावधानों का उल्लंघन पर पेट्रोल पम्प से 12754 लीटर पेट्रोल, डीजल जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

खाद्य विभाग द्वारा गुरूवार को महासमुंद ग्राम छिलपावन में स्थित मेसर्स गोल्डन फ्यूल्स पेट्रोल पम्प की सघन जांच गई। जांच में छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट तथा हाई स्पीड डीजल ऑयल अनुज्ञापन तथा नियंत्रण के प्रावधान का उल्लंघन पाये जाने के कारण खाद्य निरीक्षक, महासमुन्द के द्वारा फर्म के प्रोपराईटर अरूण कुमार ध्रुव से पेट्रोल 5797 लीटर, डीजल 5321 लीटर एवं पावर पेट्रोल 1636 लीटर जप्त कर प्रकरण निर्मित किया गया है। प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की छात्रा मर्यादा जैन को मिली आईबीसी स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिले के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जशपुर की छात्रा कुण् मर्यादा जैन को जिले में कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में बालिका वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त पर स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप देकर सम्मानित किया गया है। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कुण् मर्यादा जैन को जिले में बालिका वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और राज्य का नाम रोशन करें। उल्लेखनीय है कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जशपुर में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत बालिका कु. मर्यादा जैन ने जिले से 12 वीं बोर्ड परीक्षा में बालिका वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए आईबीसी 24 द्वारा स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप हेतु इसका चयन किया गया था। विगत दिवस एक समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कु.मर्यादा जैन को कक्षा 12 वीं में बालिका वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर शिक्षा सत्र 2021-22 के लिए आईबीसी 24 स्वर्णशारदा स्कॉलरशिप के रूप में पच्चास हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कुण् मर्यादा जैन जेईई की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंजीनियर बनना चाहती है।




### सालेपाल में वित्तीय साक्षरता कैम्प का किया गया आयोजन

**जगदलपुर** ।जिले के विकासखंड तोकापाल अंर्तगत ग्राम पंचायत सालेपाल 01 में समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केन्द्र बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित सीएफएल ब्लॉक तोकापाल के काउन्सलर संगम नाग के द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को बैंक व बीमा योजना से संबंधित जानकारी दी गई। यह कैम्प जिला समन्वयक जितेंद्र देवांगन काउंसलर संगम नाग, ग्राम के सरपंच सहित ग्रामीण जन की उपस्तिथि में संपन्न किया गया ।वित्तीय साक्षरता कैम्प में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि बीमा योजना, प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना इत्यादि बीमा योजनाओं के विषय मे, खाता खोलने, केवाईसी करवाने, पैसों का सही इस्तेमाल करते हुए बजट बनाना और बचत करने के विषय में जानकारी दी गई, साथ ही ग्रामीणों को फ्रॉड कॉल एवं मैसेज से सावधान रहने तथा अगर किसी के साथ ऐसी कोई दुर्घटना होती हैं। तो इसकी पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने के विषय में भी जानकारी दी गई।

### मेकिल कालेज जाने प्रवेश द्वार व जीई रोड पर बने डिवाइडर को खोलने मांग

**राजनादगांव** ।प्रदेश के जनप्रिय स्वास्थ मंत्री टी एस सिंहदेव जी के निवास स्थान पहुंचकर विगत दिनों कोरोना संक्रमित हुए थे उनके स्वास्थ की जानकारी लेने पहुंचे थे । फड़नवीस ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी डॉक्टरों की कमी वा मरीजों की सुविधा हेतु सीटी स्कैन की सक्त आवश्यकता पर जोर दिया गया जी ई रोड से मेडिकल कॉलेज प्रवेश मार्ग पर 12 लाख की राशि से भव्य प्रवेश द्वार लगवाने का प्रकालन सहित पत्र सोपा गया है साथी ही जी ई रोड पर बने डिवाइडर को हटाकर प्रवेश मार्ग के लिए खोला जाए जिससे की मरीजों को आवागमन के लिए रेवाड़ी चौक ना जाना पड़े सीधा मेडिकल अस्पताल आने जाने की व्यवस्था हो इस के लिए मंत्रीने तत्काल कार्यवाही करने संबंधित जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिया गया।

# कलेक्टर दर पर वेतनमान की मांग को लेकर आंबा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन जारी



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कल 7 जुलाई से प्रारंभ 3 दिनी धरना कार्यक्रम के दूसरे दिन 8 जुलाई को आंदोलनकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

संघ की मुख्य मांग सरकार द्वारा जन घोषणा पत्र में किए गए वायदे के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित करने तक कलेक्टर दर के अनुसार मानदेय दिया जाए। इसके पूर्व शान द्वारा तीजा पर्व के अवसर पर 50 दिनों का हड़ताल किया गया था तब जन घोषणा पत्र में लिख कर भी दिया गया था की कलेक्टर दर पे मानदेय का भुगतान किया जाएगा। आज 3 साल और 6 माह का वक्त बीत चुका है लेकिन शासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। एक तरफ अन्य संघों की मांगे पूरी हो रही है लेकिन आंगनबाड़ी महिलाओं के एक बड़े वर्ग को जो अपनी मांगों को पूरा होने की उम्मीद लगाए बैठी है उसे अनदेखा किया जा रहा है। संघ का यह भी कहना है आज जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है ए उससे अल्प मानदेय में घर चला पाना मुश्किल है लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। संघ का कहना है कि किसी वजह से वे 3 दिनों के धरना आंदोलन में शामिल है। कल तीसरे दिन का धरना प्रदर्शन का आयोजन राजधानी रायपुर में संपन्न होगा। यदि फि र भी मांग पूरी ना हुई तो संगठन आगे चरणबद्ध आंदोलन को जारी रखेगा। संघ की अन्य सात मांगों में कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति या मृत्यु होने पर कर्म से पांच और 300000 एकमुश्त भुगतान किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर के रिक्त पद पर शत.प्रतिशत और बिना उम्र बंधन तथा बिना परीक्षा के सीधी भर्ती किया जाए।

# कलेक्टर के खिलाफ कांग्रेसी एजेंट होने का आरोप, भाजयुमो का हल्ला बोल




जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय कलेक्टोरेट कांग्रेस कार्यालय बना हुआ है और कलेक्टर कांग्रेस के कार्यकर्ता की तरह अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यही वजह है कि सरायपाली नगर पालिका के अध्यक्ष के विरोध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आज तक सम्मिलन की तारीख तय नहीं हो पाई है। पूर्व मैं भी जिला लघु वनोपज संघ की चुनाव प्रक्रिया नाटकीय तरीके से टल गई है जिला प्रशासन अभी तक चुप बैठी है जबकि महासमुंद नगर पालिका में अध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कलेक्टर ने जिस तरह की तत्परता दिखाई है उससे भाजपा जनों में तीव्र असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज इन्हीं बातों को जिलाध्यक्ष जसराज बाला चंद्राकर के नेतृत्व में युवाओं ने कलेक्ट्रेट में जमकर हंगामा मचाया। कांग्रेश भूपेश और कलेक्टर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान तगड़ी पुलिस व्यवस्था की गई थी जिन्होंने प्रदर्शनकारी युवाओं को परिसर में प्रवेश करने के पहले द्वार पर रोक दिया गया। प्रदर्शनकारी दरवाजा ढकेल के अंदर जाना चाहते थे वही पुलिस दरवाजे को बंद कर उन्हें अंदर आने से रोक रही थी। लगभग 1 घंटे तक नारेबाजी करने के बाद प्रदर्शनकारी युवा मोर्चा वापस लौट गए।

# डीईओ के निरीक्षण में कई शिक्षक गैरहाजिर, शो काज नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरविन्द मिश्रा द्वारा विकासखण्ड बेरला के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सोंढ़, पूर्व माध्यमिक शाला सोंढ़, प्राथमिक शाला सिलघट, हाई स्कूल टकसींवा, हाई स्कूल लावातरा एवं हाई स्कूल भिलौरी का निरीक्षण किया गया। डीईओ मिश्रा ने शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सोंढ़ के निरीक्षण के दौरान पाया कि शाला का संचालन निर्धारित समय अनुसार नहीं हो रहा है, बच्चे भी निर्धारित समय पर शाला नहीं आ रहे हैं, विद्यालय में प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय प्रारंभ नहीं की गई है, अध्यापन कक्ष तथा शाला परिसर में साफ-सफ ाई का पूर्णतः अभाव दिखा, विद्यार्थियों को वितरण हेतु प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का वितरण न कर एक जगह डम्प कर रखा गया है। विद्यालय की व्यवस्था में सुधार हेतु डीईओ मिश्रा ने उपस्थित शिक्षकों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दयाराम वर्मा प्राचार्य, सुश्री निधि शर्मा व्याख्याता, कामता प्रसाद साहू व्याख्याता एवं चन्द्रकिरण साहू व्यावसायिक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। पूर्व माध्यमिक शाला सोंढ़ में शाला का संचालन निर्धारित समयानुसार नहीं किया जाना पाया गया। डीईओ द्वारा उपस्थित शिक्षकों को समय पर शाला संचालन तथा नियमित कक्षाध्यापन के निर्देश दिए गए। पूर्व माध्यमिक शाला सोंढ़ में प्रातः 10:20 बजे निरीक्षण के समय आईके जांगड़े सुरेखा भतपरे एवं मयंक कुमार टंडन अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक शाला सिलघट में निरीक्षण के दौरान डीईओ ने बच्चों से पाठ्यक्रम से संबंधित कुछ सवाल किए इस विद्यालय के बच्चों में दक्षता का स्तर अच्छा पाया गया। यहाँ के बच्चे निरीक्षण के समय शैक्षणिक गतिविधियां करते पाए गए। हाई स्कूल टकसींवा में प्रयोगशाला बंद पाया गया। डीईओ मिश्रा द्वारा प्रयोगशाला प्रतिदिन खोलने तथा नियमित प्रायोगिक कार्य कराने के निर्देश दिए गए। हाई स्कूल लावातरा एवं भिलौरी में भी प्रयोगशाला बंद पाया गया तथा प्रायोगिक कार्य प्रारंभ नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई। संबंधित विषय शिक्षकों को डीईओ द्वारा नियमित प्रायोगिक कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान निर्धारित विद्यालयीन समय पर अनुपस्थित सभी शिक्षकों को कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगा गया है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भिलौरी में छात्र-छात्राओं को लगाये जा रहे कोविड टीका का दूसरा डोज का भी अवलोकन किया और विद्यार्थियों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा।

# धर्म और कर्म के लिए मानसिक और शारीरिक शक्ति योग के माध्यम से ही प्राप्त-योगेश तिवारी

## रायपुर विप्र कॉलेज की ओर से ग्राम नेवनारा में योग अभ्यास का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





बेरला ब्लाक के ग्राम नेवनारा में छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की ओर से योग अभ्यास का आयोजन किया गया। आयोजन ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानन्द महाराज प्रमुख, सपाद लक्षेश्वरधाम आश्रम सलधा के सानिध्य में एवं ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष योग आयोग छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रुप में मिश्रीलाल पांडे सचिव योग आयोग छत्तीसगढ़ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता योगेश तिवारी ने किया ।इस अवसर पर ज्योतिर्मयानंद महाराज ने कहा कि धर्म अनुकूल कर्म करने के लिए शारीरिक और मानसिक शक्ति योग के माध्यम से ही प्राप्त होता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। ज्ञानेश शर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से हर परिस्थिति का सामना योग के माध्यम से ही हो सकता है। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि 2002 से ही योग का कोर्स विप्र महाविद्यालय में संचालित हो रहा है। वर्तमान परिवेश में योग का महत्व बढ़ गया है। इसके पूर्व योगाभ्यास योगाचार्य डॉ. रंजना मिश्रा ने कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या शर्मा ने किया। जागरूकता के लिए योग अभ्यास में महाविद्यालय के छात्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि योग सनातन संस्कृति और परंपरा की पहचान है। जिसे देश के संतों और मुनियों ने आज भी जीवित रखा है। कोरोना महामारी में लोगों को योग का महत्व समझ में आया, क्योंकि जो लोग रोजाना योग करते हैं उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होने के कारण वह कोरोना बीमारी ग्रसित नहीं हुए। योग से कई गंभीर बीमारियों का इलाज बड़ी आसानी से हो सकता है।

### नेवनारा में तीन दिवसीय योग शिविर का होगा आयोजन

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि ग्रामीण परिवेश योग के लिए अच्छा है। इसका लाभ उठाते हुए ग्रामीणों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहते हुए आदर्श गांव की परिकल्पना को सार्थक करना चाहिए। इसलिए अति शीघ्र ही नेवनारा में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा और इसके बाद नियमित रूप से यहां योगाभ्यास होगा।

## अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी के बाइसेप्स देख आप भी वर्कआउट करने हो जायेंगे मोटीवेट



जॉर्जिया एंड्रियानी टिनसेल टाउन की सबसे फिट अभिनेत्रियों में से एक है, और अभिनेत्री ने हर बार यह साबित भी किया है। फिट रहने की बात करें तो वह बेहद अनुशासित अभिनेत्री हैं। जॉर्जिया ने अपने सोशल मीडिया पर अपने जिम फोटोशूट से एक तस्वीर साझा की, जो निश्चित रूप से उनके सभी प्रशंसकों को उनके सुडौल, टोंड फिगर से मदहोश कर रही है। जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी नई तस्वीर साझा की, जहां वह अपने कंधे पर बारबेल के साथ पोज देती हुई दिखाई दे रही है और उस वजहसे जॉर्जिया के बाइसेप्स फ्लेक्स होते दिख रहे है, जिससे यह साबीत होता है की वह अपने वर्कआउट रूटीन को लेकर कितनी नियमित है।

# मीत के लिए आशी सिंह ने लिया नया अवतार



मीत की अभिनेत्री आशी सिंह ने शो में छह महीने का लीप लेने और आशी द्वारा निभाए गए मंजरी नाम के एक नए किरदार की शुरुआत के बारे में बात की। आशी सिंह ने कहा है, सीरियल मीत के आगामी एपिसोड दर्शकों के लिए वास्तव में रोमांचक होने जा रहे हैं, क्योंकि यह शो 6 महीने का लीप लेने जा रहा है और नाटक निश्चित रूप से सभी को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। वास्तव में, लीप के बाद मैं मंजरी के रूप में एक नए नए अवतार में दिखूंगी, जो मीत हुड्डा से बिल्कुल अलग है।

मंजरी एक गुजराती लड़की है जो बिल्कुल मीत हुड्डा की तरह दिखती है, वह अपनी विशेषताओं के मामले में काफी विपरीत है। वह एक गरबा नर्तकी है जो अपनी दादी के साथ रहती है और किसी भी धुन पर तैयार होना और नृत्य करना पसंद करती है।

आशी आगे कहती हैं, उनके द्वारा साझा किया जाने वाला एकमात्र सामान्य तत्व उनका चेहरा है। उनकी विशेषताएं पूरी तरह से अलग हैं। यह मेरे लिए वास्तव में रोमांचक है, क्योंकि नया चरित्र न केवल मुझे एक नई चुनौती देता है बल्कि मंजरी का किरदार भी देता है। एक व्यक्ति के रूप में भी मेरे लिए बहुत भरोसेमंद है। अपने ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन व्यक्तित्व के बारे में अभिनेत्री कहती हैं, उनकी तरह, मुझे भी नृत्य और ड्रेसिंग पसंद है। मुझे सच में विश्वास है कि लीप, शो में मेरे चरित्र का परिचय और इसके बाद आने वाली कॉमेडी होगी। निश्चित रूप से एक और सभी का मनोरंजन करें।

# इंटरनेट पर छाई टीवी की डायन 'मोनालिसा', तस्वीरें देख छूटे फैंस के पसीने

टेलीविज़न सीरियल नजर में डायन का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुई अभिनेत्री मोनालिसा सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती है।



आए दिन ही उनकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल होते रहते है। इस बीच मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमे उन्होंने ब्लैक एवं रेड कलर कि ड्रेस पहन रखी है, इन तस्वीरों में मोनालिसा अपनी दिलकश अदाएं दिखाते हुए दिखाई दे रही हैं।

वही फोटोज में यदि मोनालिसा के लुक की बात की जाए तो इसमें देखने के लिए मिल रहा है कि उन्होंने ब्लैक कलर का गाउन एवं रेड कलर का टॉप पहन हुआ है। साथ में अपनी नेचुरल ब्यूटी को फ्लॉन्ट कर रही हैं। मोनालिसा ने फोटोज को साझा करने के साथ ही लिखा, रुकना ठीक है और शांत रहो। प्रशंसक उनकी फोटोज की खूब प्रशंसा कर रहे हैं। कुछ कह रहे हैं कि उन्होंने इससे पहले उनकी ऐसी फोटो और लुक नहीं देखा।

वही मोनालिसा की इन फोटोज को सिर्फ कुछ ही देर में हजारों लाइक्स मिल चुके हैं। प्रशंसक अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। वही बात यदि मोनालिसा के वर्कफ्रंट की करें तो उनके पास ढेरों प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें वो काम कर रही हैं। जल्द ही मोनालिसा धप्पा और रात्रि के यात्रि 2 में नजर आएंगी।

# वजन को तेजी से बढ़ाने में मदद कर सकते हैं ये प्रोटीन शेक, जानिए रेसिपी

जैसे कई लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। वैसे ही कई लोग ऐसे हैं, जो बहुत ज्यादा पतले होने की समस्या से परेशान हैं और मोटा होने के उपाय तलाश रहे हैं। खासकर, युवाओं के लिए यह एक चिंता का विषय है क्योंकि सामान्य से कम वजन होना भी स्वास्थ्य के लिए उतना ही बुरा होता है, जितना मोटापा। आइए आज हम आपको ऐसे प्रोटीन शेक की रेसिपी बताते हैं, जो तेजी से वजन बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं।

### चॉकलेट और पीनट बटर वाला प्रोटीन शेक

कोको पाउडर और पीनट बटर से बना प्रोटीन शेक कार्ब्स,



प्रोटीन और फाइबर जैसे पोषक तत्वों से युक्त होता है, इसलिए इसका सेवन आसानी से वजन बढ़ाने में मदद कर सकता है। प्रोटीन शेक बनाने के लिए सबसे पहले चॉकलेट प्रोटीन पाउडर, पीनट बटर, फ्रोजन केले, बादाम का दूध और बिना मीठे का कोको पाउडर ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को एक गिलास में डालें और ठंडा-ठंडा परोसें।

### रसभरी और चुकंदर का प्रोटीन शेक

यह प्रोटीन शेक स्वाद में मीठा और मिट्टी जैसा होता है और इसका सेवन वजन को बढ़ाने में सहायक साबित हो सकता है। इसका मुख्य कारण है कि यह आयरन और आवश्यक विटाम्सि समेत कई तरह के खनिज से भी भरपूर होता है। प्रोटीन शेक बनाने के लिए बादाम का दूध, तीन-चौथाई कप नारियल पानी, फ्रोजन रसभरी, अलसी और चुकंदर को एकसाथ ब्लेंड करें, फिर इस मिश्रण को गिलास में डालकर परोसें।

### अनानास और खजूर का प्रोटीन शेक

अगर आप दुबलेपन से परेशान है तो अपनी डाइट में अनानास और खजूर का प्रोटीन शेक जरूरी शामिल करें क्योंकि यह भी वजन को तेजी से बढ़ाने में सहायता प्रदान कर सकता हैय़ प्रोटीन शेक बनाने के लिए ग्रीक योगर्ट, फ्रोजन अनानास, काजू, नारियल पानी, फ्रोजन आम और सूखे खजूर को एक साथ ब्लेंड कर दें, फिर इस मिश्रण को एक गिलास में डालें और उसके बाद चिया सीड्स गार्निश करें। इसके बाद इस प्रोटीन शेक का आनंद लें।

# एक बार जरूर ट्राई करें ये हेयर कंडीशनर हैक्स, बेहद खूबसूरत लगेंगे बाल

कई लोग शैंपू के बाद किसी न किसी तरह के हेयर कंडीशनर का इस्तेमाल करते हैं ताकि उनके बाल सिल्की, हाइड्रेट और चमकदार बने रहें। हालांकि, अधिकतर लोग कंडीशनर का इस्तेमाल सही से नहीं करते हैं, जिस वजह से उन्हें इससे मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता। अगर आप चाहते हैं कि कंडीशनर के इस्तेमाल से आपके बालों को भरपूर फायदे मिले तो इससे जुड़े इन पांच हैक्स को एक बार जरूर अपनाकर देखें।

शैंपू से पहले बालों पर कंडीशनर लगाएं

सुनने में भले ही आपको अजीब लगे, लेकिन यह एक बेहतरीन हैक है। दरअसल, शैंपू



बालों के प्राकृतिक तेल को प्रभावित करता है, जिससे बालों के रूखे और बेजान होने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं, कंडीशनर बालों के प्राकृतिक तेलों को छीने बिना अतिरिक्त तेल से छुटकारा दिलाता है। इसलिए अपने बालों पर शैंपू करने से पहले कंडीशनर का इस्तेमाल करें ताकि इसकी सुरक्षात्मक परत कठोर शैंपू के प्रभाव को रोके।

हल्के गीले बालों पर लगाएं कंडीशनर

अगर आप कंडीशनर के इस्तेमाल से भरपूर फायदे पाना चाहते हैं तो शैंपू करने के तुरंत बाद बालों पर कंडीशनर लगाने की गलती न करें क्योंकि इससे आपको कंडीशनर का कोई लाभ नहीं मिलेगा। बेहतर होगा कि शैंपू करने के बाद अपने बालों को माइक्रोफाइबर तौलिए से पोंछ लें, फिर हल्के गीले बालों पर कंडीशनर का इस्तेमाल करें और 8-10 मिनट के बाद सिर को पानी से धोएं।

कंडीशनर लगाने के बाद बालों पर कंघी फेरे

धोने से पहले आपको अपने बालों पर कंडीशनर 5-10 मिनट के लिए लगाकर रखना चाहिए। बेहतर परिणाम के लिए आप लीव इन कंडीशनर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं और कंडीशनर को अपने बालों पर रातभर लगा रहने दें, फिर लगाने के बाद बालों में कंघी करना न भूलें। अंत में सिर को पानी से धो लें। दरअसल, शैंपू करने से बाल उलझ सकते हैं और कंडीशनर लगाकर कंघी करने से बाल आसानी से सुलझ जाते हैं।

## खेल

8 बांग्लादेशी गेंदबाजों पर भारी पड़े पूरन

# 39 गेंद में बनाए 74 रन, 5 छक्के भी उड़ाए; वेस्ट इंडीज ने 5 विकेट से जीता मुकाबला

गुयाना। वेस्ट इंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन ने शुक्रवार को बांग्लादेशी गेंदबाजों की खूब क्लास ली। उन्होंने 5 छक्कों से सजी 39 गेंदों में 74 रनों की विस्फोटक पारी खेली।




पूरन की इस पारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने तीसरे टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश पर पांच विकेट की आसान जीत दर्ज की। इस जीत से वेस्ट इंडीज ने तीन मुकाबलों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण नो रिजल्ट रहा था।

सीरीज के आखरी मुकाबले में बांग्लादेश के कप्तान महमदुल्लाह ने 8 गेंदबाजों का प्रयोग किया, लेकिन कोई भी गेंदबाज कैरेबियाई बल्लेबाजों को रोक नहीं पाया। नसुम अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए, लेकिन वो काफी महंगे भी साबित हुए।

प्रोविडेंस स्टेडियम में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 163 रन बनाए। जवाब में वेस्ट इंडीज ने 18.2 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। बांग्लादेश के कप्तान महमदुल्लाह ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। लिटन दास ने 41 गेंद पर 49 रन बनाए। शाकिब अल हसन सिर्फ 5 रन पर आउट हो गए। अफीफ हुसैन ने मिडिल ऑर्डर में 38 गेंद पर 50 रन बनाए। कप्तान महमदुल्लाह ने भी 22 रन का योगदान दिया। टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने केवल 22 रन तक 2 विकेट गंवा दिए। इसके बाद काइले मेयर्स ने बेहतरीन पारी खेली और सिर्फ 38 गेंद पर 55 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने भी जबरदस्त पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 39 गेंद पर 5 चौके और 5 छक्के की मदद से नाबाद 74 रन बनाए और अपनी टीम को एक आसान जीत दिला दी।

7 साल बाद लौटे नेशनल गेम्स

# गुजरात करेगा मेजबानी, 22 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच 5 शहरों में होगा आयोजन



सितंबर माह में इंडिया का ओलिंपिक कहे जाने वाले नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। गेम्स की मेजबानी गुजरात करने जा रहा है। इस मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन 22 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच किया जाएगा।

खेल गुजरात के पांच शहरों (अहमदाबाद, राजकोट, सूरत, भावनगर और वडोदरा) में आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन और समापन समारोह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो सकता है।

7 साल के बाद देश में इन गेम्स का आयोजन हो रहा है। इससे पहले केरल ने साल 2015 में नेशनल गेम्स का आयोजन किया था। भारतीय ओलिंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने शुक्रवार को एक सोशल पोस्ट में यह घोषणा की है। मेहता ने पोस्ट में लिखा- मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गुजरात नेशनल गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। मैं गुजरात सरकार के प्रस्ताव को जल्दी स्वीकार करने के लिए IOA का आभारी हूं।

### गोवा से मेजबानी छिनी

पहले इन खेलों का आयोजन गोवा में होना था, लेकिन गोवा सरकार ने 2020 में पहले कोरोना का हवाला देकर खेलों का आयोजन कराने से हाथ खींच लिए। फिर इसे दिसंबर माह में कराने की बात करने लगी। ऐसे में गोवा से गेम्स की मेजबानी छीन ली गई है।

## एक नजर

# भारतीय क्रिकेट जगत ने एमएस धोनी को उनके 41वें जन्मदिवस की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट जगत ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ट्वीटर पर धोनी को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने ट्विट किया, जब तक पूर्ण विराम नहीं आता, एक वाक्य पूरा नहीं होता। जब तक धोनी क्रीज पर हैं, तब तक मैच पूरा नहीं हुआ है। सभी टीमों के पास धोनी, जैसे व्यक्ति को पाने का सौभाग्य नहीं है। एक अनमोल रत्न और शानदार खिलाड़ी एमएस धोनी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ओम हेलीकाप्टर नमः।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्विट किया,एक मूर्ति और एक प्रेरणा, एमएस धोनी - टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और खेल में अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक - को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# एजबेस्टन टेस्ट नहीं खेलने का रोहित शर्मा को मलाल, बोले- बहुत मुश्किल था बाहर बैठकर मैच देखना




**नईदिल्ली** । भारतीय टीम को एजबेस्टन टेस्ट में मिली हार के बाद सीरीज को 2-2 से बराबरी पर खत्म करना पड़ा. इस टेस्ट से पहले टीम इंडिया 2-1 की बढ़त के साथ यहां सीरीज जीत के करीब दिख रही थी. अगर भारत इस टेस्ट को ड्रॉ भी करा लेता तो वह 2007 से बाद पहली बार इंग्लैंड में कोई सीरीज जीत पाता. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस महत्वपूर्ण मैच में न खेल पाने पर अफसोस जताया. उन्होंने टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए इस मैच में अपनी गैर-मौजूदगी पर भी जवाब दिया.

भारतीय कप्तान ने कहा, 'साइडलाइन में रहकर मैच देखना बहुत मुश्किल था. यह कभी भी बहुत आसान परिस्थिति नहीं होती, जब आप कोई मैच मिस करते हो. खासतौर से तब जब ऐसा महत्वपूर्ण खेल हो. लेकिन कुछ चीजों पर आपका बस नहीं चलता है वे आपके नियंत्रण में नहीं होती हैं.' उन्होंने अपने कोविड के लक्षणों के बारे बताते हुए कहा, 'पहले एक-दो दिन तो मैंने बहुत संघर्ष किया. मैं खड़ा भी नहीं हो पा रहा था. लेकिन अब मैं खुश हूं कि अब मैं अपने पैरों पर खड़ा हो गया हूं. अब मैं बिल्कुल ठीक और स्वस्थ हूं और अब मैं टी20 आई सीरीज और इसके बाद होने वाली वनडे सीरीज में अच्छा करने की कोशिश करूंगा.'

भारत-इंग्लैंड मैच में होगी जासूसी

# दूसरे टी-20 के दौरान स्टैंड में मौजूद रहेंगे जासूस, नस्लभेदी कमेंट करने वालों की पहचान करेंगे

भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में पांचवें टेस्ट के दौरान भारतीय दर्शकों पर नस्लीय टिप्पणियों की गई थी। अब इसको लेकर वॉरविकशर काउंटी ने काफी सख्त कदम उठाए हैं। वो नस्लवाद और भेदभाव को क्रिकेट से दूर रखने के लिए जासूसों की मदद लेंगे।

### 9 जुलाई को होना है मुकाबला

भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार 9 जुलाई को एजबेस्टन में दूसरा टी-20 मैच खेला जाना है। इसी मुकाबले में अंडरकवर क्राउड स्पॉटर्स की तैनाती होगी। ये लोग दर्शकों के बीच में रहेंगे और ऐसी किसी नस्लवाद या भेदभाव से




जुड़ी किसी भी घटना को पकड़ने के लिए सतर्क रहेंगे। साथ ही साथ इस मैच को लेकर ज्यादा पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया जाएगा। टीम इंडिया के फैन ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा था कि एरिक हॉलीज स्टैंड में भारत के प्रशंसकों को नस्लीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा रहा है। वहीं, एक अन्य यूजर्स ने भी पोस्ट में बताया था कि भारत और इंग्लैंड के मुकाबले के दौरान उन्हें नस्लवाद का सामना करना पड़ा। ऐसे उन्हें भी कभी किसी अन्य मुकबाले में अनुभव नहीं किया था। मामला सामने आने के बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और एजबेस्टन के अधिकारियों ने मांफी भी मांगी थी और जांच कराने का भरोसा दिलाया था।

# अपने 41वें बर्थडे पर लंदन पहुंचे एमएस धोनी, फ्रुट केक काट सेलीब्रेट किया बर्थडे

**नई दिल्ली** । तीन-तीन आईसीसी खिताब जीतने वाले दुनिया के इकलौते कप्तान एमएस धोनी गुरुवार को अपना 41वां जन्मदिन सेलीब्रेट कर रहे हैं. इस बार धोनी अपना यह बर्थडे भारत में नहीं बल्कि इंग्लैंड में मना रहे हैं. आज बर्थडे की शुरुआत होते ही उन्होंने अपने करीबी दोस्तों के साथ फरूट केक काटा. धोनी की पत्नी साक्षी ने उनके इस सेलीब्रेशन का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जो खूब वायरल हो रहा है. धोनी और साक्षी इस सप्ताह की शुरुआत में लंदन पहुंचे थे, तब उनकी एक तस्वीर खूब वायरल हो रही थी. दरअसल धोनी की शादी की 12वीं सालगिरह भी तीन दिन पहले ही 4 जुलाई को थी और



धोनी ने इस बार अपने दोनों खास दिन लंदन में मनाने की प्लानिंग कर ली. उन्होंने अपने बर्थडे पार्टी मनाई तो उनकी पत्नी साक्षी ने इंस्टाग्राम रील पोस्ट की जिसमें धोनी की इस पार्टी की खास झलकियां शेयर की गई हैं. धोनी ने अपने बर्थडे के मौके पर एक खास स्टायलिश जैकेट और ग्रे पैंट पहनी हुई है. वह केक काटते हुए मोमबत्तियां बुझा रहे हैं. इस केक पर धोनी का नाम भी लिखा हुआ है. धोनी की इस बर्थडे पार्टी में टीम इंडिया के युवा स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी मौजूद थे, जिन्हें भारतीय क्रिकेट में धोनी का उत्तराधिकारी माना जाता है. साक्षी ने धोनी की इस बर्थडे पार्टी की एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की है, जिसमें उनके सभी दोस्तों के साथ ऋषभ पंत भी नजर आ रहे हैं.

# नगर वन परियोजना का 'हरियाली महोत्सव' के साथ हुआ शुभारंभ





**कोण्डागांव।** दक्षिण कोण्डागाँव वनमंडल अंतर्गत भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र से लगे वन क्षेत्रों को संरक्षित करने एवं जन सामान्य में वनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नगर वन के रूप में विकसित किये जाने हेतु नगर वन परियोजना का प्रारंभ आजादी के 75वीं वर्षगांठ में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत संपूर्ण देश में 75 नगर वन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के माध्यम से दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल के द्वारा नगरपालिका क्षेत्र से लगे वनक्षेत्र वन कक्ष क्रमांक पी-449 कोपाबेड़ा कक्ष का चयन कर परियोजना प्रस्ताव भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित किया गया था। जिसका चयन संपूर्ण देश में चयनित 75 नगर वन परियोजना में से दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल नगरपालिका क्षेत्र कोण्डागांव को भी सूची में शामिल किया गया है।

जिसका भव्य शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली भूपेन्द्र यादव के करकमलों द्वारा वर्चुअल रूप से शुक्रवार को नगर वन परियोजना 'हरियाली महोत्सव' के रूप में किया गया। जिसके तहत प्रस्तावित नगर वन परियोजना क्षेत्र कक्ष क्रमांक पी-449 कोपाबेड़ा में नगरपालिका परिषद कोण्डागांव के नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, नेता प्रतिपक्ष तरूण गोलछा एवं नगरपालिका परिषद के अन्य पार्षद, एल्डरमेन एवं शहर के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि तथा मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 75 नग विभिन्न फलदार पौधों का रोपण कर किया गया। इस कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा नगर वन परियोजना के विषय पर बताया गया कि नगर वन परियोजना नगरपालिका क्षेत्र से लगे वनक्षेत्रों में हो रहे अवैध अतिक्रमण, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन से संरक्षित किये जाने एवं जैविक दबाव के बींच धराशायी हो रहे वनों के संरक्षण के प्रति जन सामान्य में जागरूकता लाने के उद्देश्य से पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा नगर वन परियोजना लागू की जा रही है। जिससे आने वाली भावी पीढ़ी के लिये हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकें। नगर वन परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित स्थल में विभिन्न प्रकार के वानिकी, फलदार, आस्थामूलक, औषधीय एवं विलुप्त हो जा रही प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जायेगा साथ ही प्रस्तावित क्षेत्रा फेंसिंग के माध्यम से घेरा तैयार कर सुरक्षित करते हुए क्षेत्रा को वन चेतना केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव ।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 08 वारिसों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् जिले के बड़ेराजपुर तहसील अंतर्गत विश्रामपुरी निवासी श्रीमती मेहरून आडवानी पति स्व0 शकील आडवानी तथा तहसील माकड़ी के बीजापुर निवासी श्री निकेश साहू पिता स्व0 हीराराम साहू प्रत्येक को चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। वहीं तहसील कोण्डागांव अंतर्गत कतावण्ड निवासी श्रीमती सुलोबाई नेताम पति स्व0 सोमारू नेताम, श्रीमती चम्पाबाई पिता स्व0 सोमारू नेताम एवं श्रीमती हेमबती पिता स्व0 सोमारू नेताम को चार लाख रूपये की सहायता राशि और तहसील माकड़ी अंतर्गत देवगांव निवासी श्रीमती पदमनीबाई पति स्व0 मंगलूराम, श्रीमती दयमति पिता श्री सोमारूराम एवं श्री सोमारूराम पिता श्री सुकड़ूराम को चार लाख रूप्ये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता की राशि संबंधित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश तहसीलदार बड़ेराजपुर, माकड़ी एवं कोण्डागांव को दिये गये हैं।

### तीन सोसायटियों को उच्च न्यायालय ने जमा राशि लेने से किया प्रतिबंधित

**कोण्डागांव ।** कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारिता विभाग द्वारा प्राप्त विज्ञप्ति अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा 22 मार्च 2022 को दिए गए आदेशानुसार सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड लखनऊ उत्तर प्रदेश सहारन यूनिवर्सल मल्टीपरपज सोसाइटी लिमिटेड भोपाल मध्य प्रदेश एवं हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड कोलकाता पश्चिम बंगाल को आम जनता से किसी भी प्रकार की राशि जमा करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके द्वारा सहायक पंजीयक सहकारिता केएल उईके द्वारा अपील की गई है कि कोई भी व्यक्ति इन तीनों सोसायटियों में राशि जमा ना करें।

### कलेक्टर ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण



**जगदलपुर ।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार दरभा विकासखण्ड क्षेत्र के निरीक्षण दौरा के दरमियान उच्च प्राथमिक शाला पेरमारास का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोहित व्यास मौजूद रहे। कलेक्टर ने हेडमास्टर से बच्चों की उपस्थिति, दर्ज बच्चों की संख्या और शिक्षकों की संख्या की जानकारी लेकर अनुपस्थित बच्चों को शाला में प्रतिदिन उपस्थित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मध्यान भोजन का अवलोकन कर स्थानीय सब्जी को मेनू में शामिल कर बच्चों को भरपेट भोजन देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेयजल और शौचालय का भी निरीक्षण किया। शौचालय में रनिंग वॉटर की सुविधा करवाने के निर्देश दिए।

### महापौर और कलेक्टर ने किया विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

नाली सफाई और कचरा प्रबंधन का लिया जायजा

**जगदलपुर ।** महापौर श्रीमती सफीरा साहू और कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने शुक्रवार को सुबह शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर नाली सफाई और कचरा प्रंबधन का जायजा लिया। इस दौरान नगर निगम की लोक निर्माण समिति के अध्यक्ष श्री यशवर्धन



राव, नगर निगम आयुक्त श्री दिनेश नाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभारी श्री पीडी बस्तिया सहित पार्षद श्री कमलेश पाठक, श्री धनसिंह नायक एवं स्वास्थ्य विभाग तथा नगर निगम के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। महापौर तथा कलेक्टर ने शहर के महाराणा प्रताप वार्ड, राजेंद्र नगर वार्ड, बहादुर गुड़ा और जवाहर नगर में पहुंचकर नाली सफाई व कचरा प्रबंधन का जायजा लेते हुए स्थानीय नागरिकों से जल भराव, सफाई व्यवस्था व कचरा उठाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कचरा का प्रबंधन कचरा गाड़ियों के माध्यम से ही करने को कहा। इसके साथ ही डेंगू प्रभावित मरीजों के घर पहुंचकर मरीजों की स्थिति की जानकारी भी ली। उल्लेखनीय है कि डेंगू रोग के रोकथाम व बचाव के लिए लगातार निगम प्रशासन ,स्वास्थ्य विभाग व संबंधित अन्य विभाग लगातार शहर के 48 वार्डों में सर्वे कर लोगों को डेंगू के बचाव व रोकथाम के लिए जानकारी देकर वार्डो में दवा का छिड़काव स्प्रे मशीन से किया जा रहा है ।जिसका सतत निगरानी अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है । गुरुवार को सुबह निगम के 48 वार्डों के लिए नवीन स्प्रे मशीन का वितरण वार्ड सुपरवाइजर को किया गया है जिसमें शहर के सभी 48 वार्डों में लगातार स्प्रे मशीन से दवा का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है।

### जयंती पर मुखर्जी का भाजपाइयों ने किया स्मरण

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यालय में स्व. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रमों के जरिए उनके कृतित्व को याद किया गया। गौरतलब है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई को हुआ था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् के रूप में विख्यात मुखर्जी मानवता के उपासक व सिद्धांतवादी नेता थे। उन्होंने भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में बुलंदियों को छुआ। वे एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता के रूप में प्रेरणास्त्रोत माने जाते हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, महासमुन्द लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू, जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रहास चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान, जिलाउपाध्यक्षगण पवन वर्मा, योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रलय थिटे, वरिष्ठ नेता माघवराव टांकसाले, मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, महामंत्रीगण प्रकाश शर्मा, मनीष बंसल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशिल्या बंसल, वरिष्ठगण रमेश साहू, प्रेम चन्द्राकर, नरेंद्र गिरी, हनीश बग्गा, अरुण साहू, गोपाल वर्मा, विश्वनाथ, निरंजना शर्मा, उत्तरा प्रहरे, सुरेखा कंवर, सुधा साहू, दिनु रूपरेला, नन्दू जलक्षत्री, गोपी कन्नौजे, जतिन रूपरेला, नरेश नायक आदि मौजूद रहे।

## चिरायु कार्यक्रम के तहत जिले में तीन सालों में 4 हजार 252 बच्चों को मिला निशुल्क इलाज

शासन के निर्देश पर जिले में मई एवं जून माह में आयोजित चिरायु कैम्प में 350 से ज्यादा बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की सुविधा







**कोरिया।** जिले में बीते तीन सालों में चिरायु कार्यक्रम के तहत 4 हजार 252 बच्चों को 30 से भी ज्यादा अलग-अलग बीमारियों में निशुल्क इलाज मुहैया कराया गया है। शासन के निर्देश पर जिले में मई एवं जून माह में आयोजित चिरायु कैम्प में 400 से ज्यादा बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की सुविधा भी दी गई है।

क्लेफ्ट लिप और पैलेट यानि कटे-फटे होंठ और तालु, क्लब फुट-टेढ़े पैर, कंजेनाइटल हार्ट डिजीज यानि जन्मजात दिल की बीमारी, ऐसी कई बीमारियां हैं जिनसे कुछ बच्चों को जन्म से ही जूझना पड़ता है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक ना हो तो माता-पिता चाहते हुए भी अपने बच्चों के लिए कुछ कर पाने में असमर्थ होते हैं। ऐसे परिवार और बच्चों की मदद के लिए ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के तहत 30 से भी ज्यादा बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जाता है।

जिले में चिरायु कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन की विशेष पहल पर चिरायु दल द्वारा सर्वे किए गए। चिन्हाकिंत किए गए बच्चों के लिए खास शिविर आयोजित कर स्क्रीनिंग की गई। क्लेफ्ट लिप और क्लब फुट की समस्या से जूझते बच्चों की जिला चिकित्सालय में सर्जरी की गई। जिन बच्चों की सर्जरी क्रिटिकल रही उन्हें जिले से बाहर राजधानी रायपुर में भी इलाज के लिए रिफर किया गया। लगातार फॉलोअप लेकर परिजनों की मदद की गई। निशुल्क इलाज से लौटकर आये परिजन तो उनके चेहरे पर खुशी और होठों पर मुस्कुराहटें रही।

## कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस में हुई 4 नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

पहली बार बनाए जा रहे कांग्रेस पार्टी में मंडल अध्यक्ष





**कोंडागांव।** दिनांक 7 जुलाई दिन गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के दिशानिर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस के आदेशानुसार स्थानीय कांग्रेस भवन कोंडागांव में कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस की एक बैठक आहूत की गई जिसमें बूथ ज़ोन सेक्टर के पदाधिकारी व पार्टी समर्थित जिला जनपद सरपंच पंच को आमंत्रित किया गया था जिसमे क्षेत्रवार सभी मौजूद पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसहमति से किबई बालेंगा मंडल से कोदागाँव निवासी पूर्व सरपंच कोती कोर्राम मसोरा मंडल से डोंगरीगुड़ा निवासी पूर्व सरपंच बृजलाल सोढ़ी मुलमुला मंडल से नेवता निवासी संजय करन एवम बड़े कनेरा मंडल से कोकोड़ी निवासी पूर्व सरपंच जीवन लाल नाग को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई ज्ञात हो मंडल का गठन कांग्रेस पार्टी में पहली दफे हो रहा है इससे पहले बूथ जोन सेक्टर ब्लॉक फिर जिला कमेटी हुआ करता था परंतु उदयपुर चिंतन शिविर में लिए निर्णयानुसार मंडल कमेटी के गठन की जाएगी नए नए मंडल बनाकर अध्यक्ष के रूप में क्षेत्र के नेताओं को आगे आने की अवसर मिलने से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है शेष कार्यकारिणी का गठन मंडल अध्यक्ष के द्वारा की जाएगी,मंडल अध्यक्ष चुनाव हेतु बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को मुँह मीठा करा बधाइयां दी।बैठक में कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन,शाकम्भरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल,विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम,मंडी सदस्य द्वय लोकमन दिवान,रामधर देवांगन, जनपद सदस्य घुड़न पोयाम,उमा दीवान, प्रीति भदौरिया, शोभा बघेल,समलु देवांगन,भागवत पांडे, भंवर कौशल,सेवक दिवान,सुकमु कोर्राम,पिलाराम यादव, सितेंद्र करन, चीनी मंडल, सुंदर विश्वकर्मा,फुलेश्वर,विद्या शार्दूल सहित कोंडागांव ब्लॉक अंतर्गत सभी क्षेत्रों के जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## जेल निरीक्षण समिति ने किया जेल का निरीक्षण



**कोरिया ।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग अटल नगर नया रायपुर के निर्देशानुसार जिले मे गठित जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला बैकुण्ठपुर एवं उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल मे निरूद्व बंदियो से उम्र के संबध मे पूछताछ की गई तथा जिला जेल बैकुण्ठपुर 181 बंदी से उम्र के संबध में पूछताछ की गई तथा मनेन्द्रगढ़ मे कुल 278 पूछताछ की गई, निरीक्षण दल द्वारा प्रत्येक तीन माह मे जेलो का निरीक्षण इस उददेश्य से किया जाता है कि जेल मे ऐसे बंदी तो नही है जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम की हो जो कि त्रुटिपूर्ण तरीके से जेलो मे निरूद्व हो गये हो।

साथ ही बंदियों के बच्चों का सही देखरेख व संरक्षण हो निरीक्षण दल मे सदस्य किशोर न्याय बोर्ड माधुरी गुप्ता, जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष गुप्ता, पंकज कुमार वर्मा विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता अमित श्रीवास्तव, संजीव कुमार साहू आउटरीच वर्कर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-कोरिया शामिल थे। ऐसे बंदीयों को चिन्हांकित किया गया जिनके बच्चे घर पर रहकर जीवन यापन कर रहे है। जिन्हे देखरेख संरक्षण आवश्यकता है ऐसे पात्र बच्चो को प्रवर्तकता कार्यकम मे सम्मलित किये जाने का प्रयास विभाग द्वारा किया जायेगा। उक्त कार्यवाही कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला बाल संरक्षण समिति कुलदीप शर्मा तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सचिव जिला बाल संरक्षण समिति मनोज कुमार खलखो के मार्गदर्शन मे संचालित हुआ।

## मोहन मरकाम ने तीन दिवसीय विधानसभा क्षेत्र दौरे के बिच क्षेत्रवासियों को दी 20 करोड़ के निर्माण कार्यों कि सौगात

कोंडागांव - प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम इन दिनों कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के दौरे में हैं और इसी बिच तीन दिवसीय दौरे में कोंडागांव विधानसभा के कोंडागांव व माकड़ी ब्लॉक में लगभग 20 करोड़ के निर्माण कार्यों कि सौगात दी है।



मोहन मरकाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के चलते सम्पूर्ण प्रदेश के दौरे में रहते हैं पर हर हफ्ते 15 दिन में ठीक ऐसा ही वृहद दौरा कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र का होता है जहां पर वे राजनीतिक सामाजिक कार्यों में समय तो देते ही हैं अपने दौरे में क्षेत्रवासियों को करोडो के निर्माण कार्यों की सौगात भी देते हैं यानी कहें तो मोहन मरकाम अगर गांव में आये तो गांव के लिए जरूर उपहार लाये हैं ये होती है क्षेत्रवासियों की सोंच और यही कारण है अपने पिछले विधायकी कार्यकाल के दौरान सरकार भाजपा की होने के बावजूद क्षेत्र में लगातार विकास की गाथा लिखते रहे जिसके चलते छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित हुए मोहन मरकाम ग्राम पंचायत कावरा में सामुदायिक भवन लाख,नलजल योजना भूमिपूजन,उमरगांव में हाई स्कूल भवन लोकार्पण,अर्सिसी पुलिया लाख,उचित मूल्य की दुकान भूमिपूजन, बेलगांव में पुलिया,उचित मूल्य दुकान,महिला समूह शेड, देवगुडी भूमिपूजन, माकड़ी में हायर सेकेंडरी स्कूल मकड़ी भवन लोकार्पण, उचित मूल्य दुकान भूमिपूजन उड़ीदगांव सामुदायिक भवन ,महिला समूह शेड,देवगुड़ी भूमिपूजन,ओंडरगांव में सीसी सड़क, ओटेंडा में पुलिया एवं आंगनवाड़ी भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन,आज ग्राम पंचायत माकड़ी सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण,सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत वन उसरी सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत सुकूर पाल में समुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत दहीकोंगा में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य का भूमि पूजन, ग्राम पंचायत काकड़गांव सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का एवं एकल ग्राम नल जल योजना का भूमि पूजन तथा ग्राम पंचायत कुसमा में समुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया साथ ही क्षेत्रवासियों के सुख दुःख में शिरकत किया।



### जिस स्कूल में ली शिक्षा आज उसी स्कूल भवन का किया लोकार्पण- मोहन मरकाम

दौरे और भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के बीच मोहन मरकाम के साथ एक ऐसा पल आया जहां वे बताते भावुक हो गए कहा मेरा सौभाग्य है जिस माकड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़कर मैं आगे बढ़ा आज उसी स्कूल भवन का लोकार्पण करने का अवसर मिल रहा है विद्यालयीन बच्चों से कहा अच्छा पढ़ो आगे बढ़ो जिस क्षेत्र में जाओ अपने माता पिता गुरु अपने गांव का अपने स्कूल का नाम रोशन करना और जिस मुकाम पर भी रहो इन सभी को कभी मत भूलना जीवन मे हमेशा आगे बढोगे।

## लैब सामग्री से लैस होंगे पीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय

**महासमुंद ।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में चार लाख 70 हजार की लागत से लैब सामाग्री क्रय की जाएगी। वहीं वाणिज्य संकाय में नवीन कम्प्यूटर लैब की स्थापना की जाएगी। पीजी कॉलेज की जनभागीदारी समिति की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया।

आज बुधवार को पीजी कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक अध्यक्ष व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रभारी अधिकारी डॉ दुर्गावती भारतीय ने पिछले वर्ष की आय-व्यय की जानकारी देते हुए आज हुई बैठक के एजेंडे की जानकारी दी। जिसमें कॉलेज व विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावों पर अध्यक्ष चंद्राकर ने सहमति प्रदान की।

# कलेक्टर ने किया कोमलदेव जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

## अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाये उपलब्ध कराने के निर्देश





जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने शुक्रवार को प्रात: कोमलदेव जिला चिकित्सालय कांकेर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, जनरल वार्ड, पुरूष एवं महिला वार्ड, डायलिसिस कक्ष, एमआरआई, सीटी स्केन, सोनोग्राफी, एक्स-रे, रेडियोलॉजी, पैथॉलोजी और हमर लैब, सॉइटोलॉजी कक्ष इत्यादि का अवलोकन कर सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जनरल वार्ड में उन्होंने मरीजों से बातचीत कर

### मरीज हंसराज के निवेदन पर व्हीलचेयर दिलाने का दिया भरोसा

उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें समय पर खाना खाने तथा डॉक्टरों द्वारा दी गई दवाई को समय पर खाने के लिए समझाईश दिया। अस्पताल में भर्ती मरीज बी.एससी अंतिम वर्ष की छात्रा ज्योति कोरोटी से उपचार के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हे अच्छी पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अस्पताल में भर्ती मरीज ग्राम जुनवानी के कृष्ण कुमार सलाम, धनोरा के समारू मरकाम, दुधावा के कविता बाई, भानपुरी के कुलेश्वर सिन्हा, पटौद के डिपेश्वरी और बुदाबाई तथा अंतागढ़ के हंसराज से उनके स्वास्थ्य एवं उपचार के संबंध में पूछताछ किया तथा शीघ्र स्वस्थ्य होने के लिए समय पर दवाई खाने एवं खान-पान पर ध्यान देने के लिए समझाईश दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीज हंसराज ने व्हील चेयर दिलाने का अनुरोध कलेक्टर से किया, जिस पर उन्होंने शीघ्र व्हील चेयर दिलाने का भरोसा दिलाया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा अस्पताल में राऊन्ड के समय सिविज सर्जन सहित सभी डॉक्टरों को एप्रॉन पहनने के लिए निर्देशित किया गया।

## निर्माण कार्यों में कोताही स्वीकार्य नहीं, कार्य प्रगति में लाए तेजी - कलेक्टर

**सुकमा** । जिले में निर्माण कार्यों की महत्ता सबसे अधिक है, संरचना खड़ी होने पर ही उसमे किसी भी प्रकार की सेवा प्रदान की जा सकती है। जिले में चल रहे सभी विकास कार्य को प्राथमिकता दे, तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर हरिस. एस ने यह निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिले में चल रही समस्त निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और कार्य प्रगति का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों को क्रियान्वित करने वाली समस्त विभाग जिला निर्माण समिति, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रत्येक कार्य पर विस्तृत जानकारी ली और संबंधित कार्यपालन अभियंता, अभियंता, सहायक अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी से चर्चा की। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी गति और विगत वर्षों में स्वीकृति प्राप्त कार्यों में अनावश्यक विलंब पर गहरी चिंता जताई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रगतिरत पीडीएस, आंगनबाड़ी, सामुदायिक तथा उपस्वास्थ्य केंद्र, आवासीय भवन, स्कूल, आश्रम तथा अन्य भवन निर्माण सहित सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण की भौतिक प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं पर चर्चा की।

## कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, मरीज को तत्काल मिला व्हील चेयर

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।



जिले के कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने शुक्रवार को प्रात: शासकीय कोमलदेव जिला अस्पताल कांकेर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उनके द्वारा चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, जनरल वार्ड, पुरूष एवं महिला वार्ड, डायलिसिस कक्ष, एमआरआई, सीटी स्केन, सोनोग्राफी, एक्स-रे, रेडियोलॉजी, पैथॉलोजी और हमर लैब, सॉइटोलॉजी कक्ष इत्यादि का निरीक्षण किया गया एवं मरीजों से बात कर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके उपचार के संबंध में चिकित्सकों से पूछताछ किया।

निरीक्षण के दौरान डे-केयर कीमोथैरेपी वार्ड में अपना उपचार करा रहे अंतागढ़ निवासी हंसराज देहारी ने चलने-फिरने में असमर्थ होने की बात कहते हुए व्हील चेयर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से निवेदन किया। इस पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही कर आवेदक हंसराज को व्हील चेयर उपलब्ध कराने के लिए समाज कल्याण विभाग उप संचालक को निर्देशित किया, जिसके पालन में हंसराज देहारी को तत्काल व्हील चेयर प्रदाय किया गया। इस अवसर पर डॉ. डी.के. नाग एवं डॉ. लोकेश देव तथा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सिनीवाली गोयल भी उपस्थित थे। व्हील चेयर मिलने पर खुश होते हुए हंसराज देहारी ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 19 साल के बेटे ने मां-बहन को मार डाला

## ड्रग्स लेने से मना करते थे तो चाकू से गोद दिया; SECL कर्मचारी का बेटा गिरफ्तार

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में SECL कर्मचारी की पत्नी और उसकी 21 साल की बेटी की शुक्रवार को हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में कर्मचारी के ही 19 साल के बेटे अमन को गिरफ्तार कर लिया है।





आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दोनों उसे ड्रग्स लेने से रोकते थे। इसलिए उसने चाकू से दोनों की हत्या कर दी है। पुलिस को मां-बेटी के शव बाथरूम में खून से लथपथ मिले थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मकान को सील कर दिया है। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, आरके दास स्श्वष्टरु की कुसमुंडा स्थित खदान में कार्यरत हैं और आदर्श नगर छ्वरूक्कक्वार्टर में रहते हैं। उनकी सुबह की शिफ्ट चल रही है। ऐसे में वह रोज की तरह सुबह करीब 5-6 बजे दफ्तर चले गए। बताया जा रहा है कि वह दोपहर करीब 1.30 बजे घर लौटे तो देखा कि दरवाजा पूरा खुला हुआ है। इस पर वे अंदर गए और आवाज दी, पर कोई जवाब नहीं मिला। जब दास आंगन से होते हुए बाथरूम की ओर गए तो वहां पत्नी लक्ष्मी दास (50) और बेटी आंचल (21) की खून से लथपथ लाश पड़ी थी।

इसके बाद दास ने पुलिस को सूचना दी। डबल मर्डर की जानकारी पर थोड़ी ही देर में पुलिस पहुंच गई। धारदार हथियार से बड़ी बेरहमी के साथ दोनों की हत्या की गई है। शरीर पर जगह-जगह घाव के निशान हैं। इस पर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया। पुलिस के आने के बाद कुछ देर बाद दास का बेटा अमन भी पहुंच गया। उसके हाथ में पट्?टी बंधी हुई थी। उसे देखते ही डॉग स्क्वायड के डॉग ने उस पर छलांग लगा दी। संदेह के आधार पर पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की। इस पर वह घबरा गया। बताया जा रहा है कि आरोपी लड़के ने पहले बाथरूम में नहा रही अपनी बहन पर चाकू से हमला किया। उसकी चीख सुनकर मां पहुंची तो उन पर भी चाकू से कई वार किए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान आरोपी के हाथ में भी चोटें आईं। वहां से भागकर वह अस्पताल गया और ड्रेसिंग कराई। इसके बाद घूमता रहा। पुलिस पहुंचने के बाद वह भी घर पहुंचा।

पुलिस ने बताया कि लड़के से पूछताछ की जा रही है। तलाशी के दौरान उसकी जेब से अलग-अलग तरह का नशा मिला है। पूछताछ में पता चला है कि वह हर तरह के नशे का आदी है। उसकी गतिविधियां शुरू से संदिग्ध लग रही थीं। इसके चलते उस पर शक हुआ। हाथ में बैंडेज बंधे होने के कारण भी शक बढ़ गया। पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार की है। आरोपी अमन ने बताया कि उसकी मां और बहन दोनों उसे नशा करने से रोकते थे, इसलिए उसने दोनों को मार दिया।

## पुलिस कर्मी की पिटाई, अपराध दर्ज

**महासमुंद** । महासमुंद के सरायपाली थाने में एक व्यक्ति द्वारा आरक्षक की पिटाई करने का मामला सामने आया है। आरोपी व्यक्ति ने थाने में घूसकर आरक्षक की पिटाई कर दी । आरक्षक की शिकायर्त पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने व मारपीट करने का अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली थाना में पदस्थ आरक्षक योगेंद्र दुबे की ड्यूटी गुरूवार रात थाना हाजरी में लगी हुई थी। आरक्षक के द्वारा रात्रि दस बजे थाने में बैठे संदेही भलभद्र भोई से पूछताछ की जा रही थी इसी दौरान वहां सरायपाली निवासी कमल अग्रवाल पिता लक्ष्मीचंद अग्रवाल आया और संदेही से पुछताछ का विरोध करने लगा तथा विवाद कर आरक्षक योगेंद्र दुबे के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। थाने में उपस्थित अन्य स्टॉफ ने बीचबचाव किया जिसके बाद आरक्षक ने मामले को लेकर योगेंद्र दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

## एक नजर

### कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में छात्र से मारपीट, कलेक्टर साहू ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

समिति ने स्कूल पहुंच शुरू की जांच, स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका को किया निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ में कक्षा नर्सरी के छात्र पर स्कूल की शिक्षिक द्वारा विद्यालय में मारपीट किए जाने की घटना की शिकायत की गई थी। मामला संज्ञान में आते ही प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर रानू साहू ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिसमें आयुक्त नगर पालिक निगम संबित मिश्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य को संयुक्त रूप से समिति में शामिल कर जांच के लिए स्कूल भेजा गया। 8 जुलाई 2022 को जांच दल द्वारा प्रकरण की जांच विद्यालय में जाकर की गई। उनके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ कर जानकारी एकत्रित की गई। प्रकरण में प्रथम दृष्टया कार्यवाही करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा घटना के समय कक्षा में उपस्थित शिक्षिका सोनिया पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा विभाग को पालक के साथ भेजा गया है। समिति द्वारा विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने पश्चात आगामी कार्यवाही की जावेगी।

### स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण सुविधा उपलब्ध कराने कांकेर शहर के वार्डों में शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

दीनदयाल अंत्योजना योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु नगर पालिका सीमा कांकेर में निवासरत् शहरी गरीब परिवारों के सदस्य जो नया व्यवसाय अथवा पूर्व में संचालित व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहते हैं, उन्हें 02 लाख तक का ऋण बैंक से सस्ते ब्याज दर में उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे इच्छुक व्यक्ति जो इसका लाभ उठाना चाहते हैं, उनके लिए वार्डवार सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कांकेर दिनेश यादव से मिली जानकारी के अनुसार शहर के अलबेलापारा वार्ड में 09 जुलाई, राजापारा वार्ड में 10 जुलाई, सुभाषवार्ड वार्ड में 12 जुलाई, एमजीवार्ड वार्ड में 13 जुलाई, शांति नगर वार्ड में 14 जुलाई, संजय नगर वार्ड में 15 जुलाई, श्रीराम नगर वार्ड में 16 जुलाई, जनकपुर वार्ड में 18 जुलाई, कंकालिनपारा वार्ड में 19 जुलाई, अघन नगर वार्ड में 20 जुलाई, बरदेभाठा वार्ड में 21 जुलाई, शिव नगर वार्ड में 22 जुलाई, उदय नगर वार्ड में 23 जुलाई, अन्नपूर्णापारा वार्ड में 26 जुलाई, भण्डारीपारा वार्ड में 27 जुलाई ,मांझापारा वार्ड में 28 जुलाई, शीतलापारा वार्ड में 29 जुलाई, माहुरबंदपारा वार्ड में 30 जुलाई एवं आमापारा वार्ड में 31 जुलाई को शिविर लगाया जायेगा। इसके अलावा प्रत्येक दिन नगर पालिका कांकेर के कक्ष क्रमांक 11 में भी आवेदन लिये जायेंगे। आवेदक अपने आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की फोटो कापी, कोटेशन एवं 2 पासपोट साईज फोटो के साथ आवेदन कर सकते है।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन कर सकते हैं 11 तक

**जगदलपुर** । विकासखण्ड बस्तानार के ग्राम पंचायत मुतनपाल-02 स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक पंजीकृत सहकारी समितियां, ग्राम पंचायत, महिला समूह, वन सुरक्षा समिति द्वारा 04 जुलाई से 11 जुलाई तक तक कार्यालयीन अवधि में आवश्यक सम्पूर्ण दस्तावेज सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### बाइक चोर गिरोह पकड़ाया

**बिलासपुर/कोटा।** कोटा थानाक्षेत्र में बाईक चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा उनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कोटा थाना में ग्राम घुटकू व ग्राम मोहन्दी के दो लोगों ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोटा एसडीओपी आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में अलग-अलग टीमों ने बाइक चोरी करने वाले चोरों की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बेलटुकरी निवासी शम्मी वर्मा पिता गिरवर वर्मा (20 वर्ष) और नरेंद्र कौशिक पिता दुखी राम कौशिक (32 वर्ष) निवासी ग्राम पिपरतराई के साथ एक नाबालिग अपने पास बाइक रखे हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने संदेहियों को पकड़ा और पूछताछ की तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिय। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने तीन अलग-अलग जगहों से तीन बाइक चोरी की है। जिसके बाद तीनो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## बढ़ते अपराधों और आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने के खिलाफ भाजयुमो ने सरकंडा थाने के सामने किया प्रदर्शन

**बिलासपुर** । न्यायधानी शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओ को लेकर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के निर्देशानुसार आज भाजपा युवा मोर्चा उत्तर मंडल सरकंडा के भाजयुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने सरकंडा थाना का घेराव कर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा।



भाजयुमो अध्यक्ष महर्षि बाजपेयी ने आरोप लगाया की प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने और शहर में कांग्रेस का विधायक बनने के बाद से लगातार अपराध बढ़ रहे है। प्रतिदिन शहर में चोरी, लूट, जमीन कब्जे, मारपीट, अवैध वसूली की वारदातें हो रही है लेकिन राजनैतिक संरक्षण के कारण आरोपियों पर कार्यवाही नहीं हो पाती है।

महर्षि ने बताया कि प्रदेश में 15 साल भाजपा की सरकार रही , 20 साल तक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल बिलासपुर के विधायक रहे लेकिन उन 20 सालो में जितनी आपराधिक घटनाएं नही हुई उतनी घटनायें पिछले साढ़े तीन सालों में ही शहर में हो गयी है।

भाजयुमो सरकंडा अध्यक्ष महर्षि बाजपेयी ने बताया कि विगत 6 महीनों में सबसे ज्यादा 746 आपराधिक प्रकरण सरकंडा थाने में दर्ज किए गये है । पुलिसिंग की व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है इसको लेकर आज भाजपा युवा मोर्चा सरकंडा ने सरकण्डा थाने के सामने प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपकर जल्द से जल्द सरकंडा क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग की। अन्यथा युवा मोर्चा इसके खिलाफ और बड़े आंदोलन करेगी।

प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रुप से चंदु मिश्रा, श्याम साहू, डीके साहू, गागी दुआ, केतन सिंह, विशाल कुलकर्णी, कंचन दुसेजा, गंगा साहू, अनिता रजक, दीपक यादव, अभिषेक तिवारी, रवि सिंह, मनीष कौशिक, संस्कार सोनी, बादल बाकरे, विकास यादव,अशोक राजपूत, तुषार साव, सागर यादव, शौर्य सराफ, अनमोल तिवारी, आयुष दुसेजा, सिद्धार्थ श्रीवास, अनीश तिवारी, विकास जाधव, प्रकाश ठाकुर, आर्यन, सौम्य, विकाश, यशश पांडेय, यश कश्यप, आयुष कशयप, वैभव, राजेश सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली शांति समिति की बैठक

## सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।



कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय कांकेर के सभा कक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी क्षेत्र तभी विकसित हो सकता है, जब वहां कानून व्यवस्था एवं शांति बनी रहे, आप सब जिले में शांति बनाये रखने में मदद करें, सकारात्मक चीजें सोचें और जिले के विकास में अपनी भूमिका निभायें। जिले में सामाजिक सौहार्द्र बनाये रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि कांकेर शांति प्रिय जिला रहा है, जिसे बनाया रखा जावे। अन्य क्षेत्रों की घटनाओं का प्रभाव कांकेर जिले में न पड़ने दें। शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं जिले के विकास के लिए सकारात्मक चीजें सोचें तथा नकारात्मकता से दूर रहें। सोशल मीडिया में अनावश्यक एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले पोस्ट/टिप्पणी न की जावे। यदि कोई घटना घटती है तो इसकी जानकारी अविलंब दिया जावे। जिला तथा पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस के टोकने से पहले समाज के लोग अप्रिय घटना को टाल सकते हैं। आप अपने समाज के लोगों को समझाईश दें।

कोई भी व्यक्ति समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास न करें और न ही किसी की भावनाओं को आहत किया जावे। किराये में मकान देने वाले मकान मालिकों से अपने किरायेदारों की जानकारी पुलिस थाना में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की अपील भी उनके द्वारा की गई। बैठक में नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एस.पी. वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.एन बघेल, कांकेर एसडीएम व एसडीओपी तथा विभिन्न समाज के पदाधिकारी और कांकेर शहर के पार्षदगण मौजूद थे।

# कोविड 19 टीकाकरण अभियान का दिख रहा असर

## शत प्रतिशत कोविड 19 टीकाकरण कराने जुटे कर्मचारी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपु।

कोरोना का असर एक बार फिर जिले और राज्य में देखने को मिल रहा है। इधर कोरोना टीकाकरण को शत प्रतिशत पूर्ण कराने सूरजपुर कलेक्टर इफ्फात आरा के निर्देशानुसार सीएमएचओ सूरजपुर के नेतृत्व में जिले में 08 और 09 जुलाई को कोविड 19 टीकाकरण महाअभियान कार्यक्रम चलाई जा रही है।

बता दें कि कोरोना ने पिछले दो सालों तक लोगों का जनजीवन को काफी नुकसान पहुंचाया है। जिसके मद्देनजर उम्र अनुसार कोरोना वैक्सीन लगाई गई। जिससे कोरोना में राहत मिली है। लेकिन कोरोना के लहर और उसकी तीव्रता को देखते हुए अब 15 से 18 उम्र तक के छात्रों को भी कोविड 19 का टीका लगाई जा रही है ताकि आगे आने वाले समय में कोरोना से कोई हानि न हो। इसी तारतम्य में विकास खण्ड प्रेमनगर के HWC बकिरमा क्षेत्रान्तर्गत कोटेया में कोविड 19 टीकाकरण महाअभियान का असर देखने मिला। जिसमें कोविड 19 टीम के द्वारा कमल साय पैंकरा सहायक तकनीकी ग्राम प्रभारी के साथ विद्यालय के साथ साथ गांवों में जाकर कोविड 19 टीकाकरण लगाई जा रही है जिसका जिले से मॉनिटरिंग भी की जा रही है।



### बूस्टर डोज लगवाने कोटेया हायर सेकेंडरी विद्यालय के कर्मचारियों ने ली रुचि-- लिनु मिंज

शा. उ. मा. विद्यालय के प्राचार्य लिनु मिंज ने बताया कि अभी बूस्टर डोज लगवाने हमारे विद्यालय के शिक्षकों ने जागरूकता का परिचय व लोगों को कोविड 19 टीकाकरण लगवाने प्रेरित करने कोरोना टिका लगवाया गया। कोरोना के असर को देखते हुए हमने और लोगों और ग्रमीणों से अपील की है कि सभी कोरोना टिका लगवाएं।

इसकी जानकारी देते हुए व्याख्याता कृष्ण कुमार ध्रुव ने बताया कि विद्यालय और ग्रामों में टीकाकरण महाअभियान एक्शन मोड में चल रही है। कलेक्टर महोदया के निर्देशन में सीएमएचओ के नेतृत्व में जल्द ही शत प्रतिशत सभी पात्र लोगों को कोविड टीकाकरण लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान कोटेया प्राचार्य लिनु मिंज, कृष्ण कुमार ध्रुव, बंशीलाल बिंझवार, कपिल कुमार राजवाड़े, अशीशी जैल्स लकड़ा, प्रदीप दास, रूपचंद्र सिरदार, कोरोना टीम से एएनएम धनेश्वरी साहू, प्रकाश चंद्र सिरदार वेरिफायर, संदीप कुमार पावले वेरिफायर, साधुचरण सचिव, मितानिन में लीलावती, बंधानो, अंतरी, समेती , नीरा देवी, सुमेश्वर रोजगार सहायक के साथ विद्यालयीन छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# मानिकपुर एवं खैरझीटी में जल जीवन मिशन का कार्य अंतिम चरण में

### कार्य पूरा होते ही नियमित उपलब्ध होगा पेयजल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सारंगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम मानिकपुर एवं खैरझीटी के विद्यालयों में जल जीवन मिशन के कार्य की अपूर्णता के संबंध में खबरे प्रकाशित हुयी थी। इस संबंध में ईई पीएचई ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मानिकपुर शासकीय प्राथमिक शाला में एक नग हैण्डपंप स्थापित एवं चालू है। उक्त हैण्डपंप की पानी सैम्पल की जांच 8 जुलाई 2022 को कराया गया। पानी सैम्पल की जांच रिपोर्ट में पानी पीने योग्य पाया गया है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज योजना स्वीकृत है एवं कार्य अंतिम चरण में है। पाईप लाईन टेस्टिंग कार्य चालू है। योजना से शाला में नल कनेक्शन कर दिया गया है। कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र शाला में स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं ग्राम खैरझीटी शासकीय प्राथमिक शाला में रनिंग वाटर के तहत ग्राम पंचायत द्वारा पावर पंप स्थापित कर पेयजल उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में पावर पंप खराब हो गया है, बंद पावर पंप का सुधार कार्य ग्राम पंचायत/शाला समिति को दिए गए है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत सोलर आधारित नलजल योजना स्वीकृत है एवं कार्य अंतिम चरण में है। इस योजना से प्राथमिक शाला में अतिरिक्त नल कनेक्शन प्रदाय कर स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से अतिरिक्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।





# इनरव्हील क्लब ऑफ रायगढ़ सेंट्रल ने मनाया डॉक्टर्स डे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

1 जुलाई को डॉक्टर्स डे के मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ रायगढ़ सेंट्रल ने रायगढ़ शहर के प्रतिष्ठित डाक्टरों को उनके निजी क्लीनिक पर जाकर सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष बीना शर्मा ने बताया कि इस कोविड महमारी के भीषण त्रासदी में जिस प्रकार से भारत में चिकित्सा से जुड़े व्यवसाय ने अपना धर्म को निभाया है। और देश वासियों को नवजीवन देने का प्रयास किया उसके लिए उनके प्रति हमारे मन में और सम्मान बढ़ा है। इस विभीषिका से हम सबको बचाने वाले रायगढ़ जिले के चिकित्सकों को इनरव्हील क्लब ऑफ रायगढ़ सेंट्रल की टीम ने उनके क्लीनिक जाकर समानित किया इसमें प्रमुख चिकित्सकों में डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल,डॉक्टर सूर्यकांत साहू, डॉक्टर अभिषेक चरक ,डॉक्टर पीयूष अग्रवाल,डॉक्टर रुचि अग्रवाल, को उनके क्लीनिक जाकर समिति की अध्यक्ष बीना शर्मा, सचिव श्रुति देवांगन,पूर्व अध्यक्ष द्वय सरोज अग्रवाल,सीमा चरक,उपाध्यक्ष करुणा अग्रवाल ने डॉक्टरों का सम्मान किया श्रीफल,पेन मिठाई और बुके के द्वारा उनको सम्मानित किया।





# सीईओ मिश्रा ने दो दिव्यांग को प्रदाय किया ट्राइसाइकिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अस्थिबाधित दिव्यांगजन विकासखण्ड बरमकेला के पीपरखूटा निवासी श्री मिलाप चौहान एवं सारंगढ़ के शत्रुघन साहू को बाधारहित जीवन स्तर और आवागमन में सुगमता हेतु मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। दोनों दिव्यांग उपकरण पाकर खुश हुए और शासन का आभार किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर, विनय तिवारी उपस्थित रहे।



# विद्युत विभाग अघोषित कटौती बंद करे- अनिल पांडेय

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

अघोषित विद्युत कटौती से जनता त्रस्त है। विद्युत विभाग के लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए मण्डल भाजपा महामंत्री अनिल पांडेय ने कहा कि गजब की है विद्युत व्यवस्था है हमारे धरमजयगढ की।



हर आधे एक घंटे में लाइट कटौती होती है। बारिश होने के समय तो होती ही है वहीं जब मौसम साफ हो तब भी अघोषित विद्युत कटौती होती रहती है। और यह सिर्फ एक दो दिन की बात नहीं है पिछले कुछ वर्षों से चली आ रही है। मौसम हवा तुफान पानी का होता है तब तो समझ में आता है की कहीं पेड़ गिर गये होंगे तार टूट गये होंगे,तब सुरक्षा की दृष्टि से लाइट का गोल होना समझ में आता है,मगर हर आधे घंटे में दिन हो या रात लाईट गुल हो जाती है। कोई मांगलिक कार्य हो रहे हैं कोई जरूरी अन्य कार्य हो रहा है अचानक लाइट गोल, बारिश के समय में जहरिले सांप बिच्छू का निकलना निरंतर जारी है, अखबारों के माध्यम से आए दिन जानकारी मिलती है। आज फलाने जगह में जहरीले सांप ने काट लिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और आए दिन रेस्क्यू की खबर आती रहती है। विद्युत विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की अव्यवस्था से बचा जा सके। जो कमी हो अपने उच्च विभाग को जानकारी दे कर दूर करनी चाहिए, अगर सामान की या प्रशिक्षित कर्मचारियों की जरूरत हो तो उसकी भी पूर्ति कर कमियों को दूर करनी चाहिए।बिजली बिल आधा करने की घोषणा करने वाली कांग्रेस शासन में बिजली ही आधा हो गया है।

# अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच दुलदुला का बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।

अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच दुलदुला का बैठक सम्पन्न। विकास खंड दुलदुला मुख्यालय के मंगल भवन में अ. भा. जनजाति सुरक्षा मंच का ब्लाक स्तरीय बैठक आहुत किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि बतौर मंच के राष्टीय संयोजक माननीय श्री गणेश राम भगत जी उपस्थित हुए उन्होने इस क्षेत्र में हो रहे सांस्कृतिक हमला जनजाति आदिवासी समाज पर हो रहे अत्याचार और डिलिष्टींग अर्थात धर्मान्तिरित लोग जो आदिवासी जनजाति समाज का पूजा पाठ पद्धति कब से छोड़ चुके हैं और क्रिश्चयन बन गये हैं ऐसे लोगों का समस्त आरक्षण समाप्त हो ऐसे लोगों के द्वारा दोहरा लाभ आदिवासी, एवं अल्पसंख्यक आरक्षण का लाभ ले रहे हैं जो बहुत गलत है इससे मूल जनजाति समाज का हक मारा जा रहा है चूंकि जिस दिन से वह अपने पूर्वज के रिति रिवाज छोड़कर क्रिश्चियन धर्म अपनाता है उस दिन से ही वह जनजाति आदिवासी के आरक्षण से हट जाता है रिति रिवाज उसका बदल जाता है पूजा पद्धति बदल जाता है और आदिवासी जनजाति समाज का हर चीज़ छुट जाता है उनकी जीवन शैली ही अलग है पर भी अपने आप को आदिवासी जनजाति कहता है जब आदिवासी जनजाति समाज का लक्षण नहीं है तो आदिवासी जनजाति कैसे। अखिल भारतीय जनजाति सुरक्षा मंच असली आदिवासी जनजाति समाज का हक मारा जा रहा है उनके लिए हमेशा साथ खड़े हो कर संघर्ष कर रहा है और उनके हक जब तक नहीं मिलता है संघर्ष करते रहेंगे, और श्री भगत जी उपस्थित सदस्यों को इस लड़ाई के लिए संगठित हो कर लड़ने की अपील किया बैठक में सैकड़ों लोग उपस्थित हुए बैठक को अन्त में वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता श्री तपेश्वर राम रजक के द्वारा समाप्ति का घोषणा किया गया बैठक में विशेष रूप से विशेश्वर यादव ,रंजित सोनी, नरेंद्र सिन्हा, जगदीश गुप्ता, अनिल सिंह (सिरिमकेला) श्रीमती ममता कश्यप (डी. डी. सी.) दुलदुला सनातन हिन्दू वाहिनी जिलाध्यक्ष श्री करनेल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# बस्तर फाईटर्स आरक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा 17 को

### शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा एवं केन्द्रीय विद्यालय सुकमा में होगी परीक्षा

**सुकमा** । बस्तर फाईटर्स आरक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2021-2022 अंतर्गत जिला सुकमा में शारीरिक दक्षता परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा जिला मुख्यालय सुकमा में दिनांक 17 जुलाई रविवार को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा एवं केन्द्रीय विद्यालय सुकमा में परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा दिनांक 17 जुलाई को निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों की प्रातः 08.00 बजे से बायोमेटिक शिनाख्त पश्चात ही परीक्षा केन्द्र कक्ष में प्रवेश दिया जायेगा। लिखित परीक्षा के लिये दिनांक 12 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा, कम्पोजिट भवन, कुम्हाररास में कार्यालयीन समय पर अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दिये गये प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी के प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची अनुसार जिला सुकमा मुख्यालय में माह अगस्त प्रथम सप्ताह में 20 अंकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। अभ्यर्थियों की प्राप्तांकों (शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं बोनस अंक के महायोग) के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी किया जाएगा।

## एक नजर

# पोटगांव के जनकराम साहू ने गोबर बेचकर कमाया 65 हजार रूपये

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।

राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी का कार्य किया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कांकेर मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पोटगांव निवासी जनकराम साहू भी लाभान्वित हुये हैं। उन्होंने बताया कि गोबर से क्या कमाई होगा ऐसा सोच रहा था? फिर मैं एक दिन पोटगांव के गौठान में मेरे मंझले बेटे रूपेश साहू को जानकारी लेने भेजा। उसके दूसरे ही दिन से मैं भी गोबर इकट्ठा कर गौठान में बेचना प्रारंभ कर दिया और अब तक 65 हजार रूपये का गोबर बेचकर लाभान्वित हुआ हूँ तथा उस पैसा का उपयोग अपना मकान बनाने में लगा रहा हूँ और अब भी प्रतिदिन गोबर बिक्रय कर रहा हूं।



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस जनकल्याणकारी गोधन न्याय योजना लागू करने से प्रदेश के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस क्षेत्र के पशुपालक भी मेरे गोबर बेचने का सबक लेकर गौठान में प्रतिदिन गोबर विक्रय कर आमदनी कमा रहे हैं। जनकराम इस क्षेत्र के पशुपालकों के लिए उदाहरण बन गये हैं, पशुपालकों के लिए गोधन न्याय योजना कारगर साबित हो रहा है। मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस योजना को लागू करने के लिए कोटिश बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा परिणाम जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कक्षा 6 वीं की भर्ती हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2020-21 के परिणाम सीबीएसई नई दिल्ली के द्वारा 6 जुलाई 2022 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम की सूची जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट व सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

# जिले में 237.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 जुलाई तक 237.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 304.9 मिली मीटर, पुसौर में 342, खरसिया में 262.3, सारंगढ़ में 294.1, बरमकेला में 202.1, घरघोड़ा में 201.2, तमनार में 249.7, लैलूंगा में 221, धरमजयगढ़ में 162.6, सरिया 169.7 एवं छाल तहसील में 206 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विधायक देवेंद्र यादव

### सर्वसम्मति से सुमीत पवार को बनाया गया महासचिव

**भिलाई** । शुक्रवार को सेक्टर 5 भिलाई नगर विधायक कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। दुर्ग जिला ओलम्पिक एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सभी ने मिलकर सर्वसम्मति से भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव दुर्ग जिला ओलम्पिक एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया है और साथ ही सुमित पवार को महासचिव पद की बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी।

करीब एक घंटे तक चली इस बैठक में दुर्ग जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारी खेल को आगे बढ़ाने और खिलाड़ियों के हित में और क्या प्रयास कर सकते हैं। कैसे खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग देने के साथ ही उन्हे आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधा दी जा सकती है। इन विभिन्न विषयों पर लंबी और सार्थक चर्चा की। साथ ही विधायक देवेंद्र यादव को अध्यक्ष और सुमित पवार को महासचिव बनाने के साथ ही पुष्प गुच्छ भेंट स्वागत किया। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप भी के सहयोग, प्रेम और आशीर्वाद ही है,जो आप सब ने मुझपर विश्वास जताया और इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

मैं भी खेल से जूड़ा रहा है। खेल के प्रति हमारी निष्ठा और ईमानदारी रही है। हम सब मिलकर इस भिलाई दुर्ग शिक्षा हब को खेल हब बनाएंगे और अपने दुर्ग-भिलाई के खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के साथ ही अच्छी खेल शिक्षा व प्रशिक्षण देंगे। ताकि वे देश दुनिया में हमारे भिलाई और प्रदेश का नाम रौशन कर सकें। हमारे शहर के बच्चों में बहुत ही जबरदस्त खेल प्रतिभा है, बस जरूरत है तो उन्हें सही मार्गदर्शन देने और सही रास्ता दिखाने की। इस अवसर पर फाउंडर मेंबर बास्केट बॉल गोपाल खंडेलवाल, फाउंडर मेंबर टेबल टेनिस एचके ओबेराय, बसीर खान, अरून द्विवेदी, योगेश कुमार, के निवास, राधाकृष्ण, दलजीत सिंह, राकेश पुरी, जावेद खान, सुरेंद्र, राजेश, सुरेंद्र कटोले, उमेश गिरी, चवनराम साहू, जगन्नाथ सिंह, रमन, पीलू पाटकर आदि शामिल रहे।

## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in